

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 30 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 129 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

होमी के साथ विश्वास की ...8



## कांग्रेस और उनके नेताओं ने मुझे 91 बार अलग–अलग तरह की गालियां दीं :पीएम मोदी



हुमनाबाद (कर्नाटक)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की 'जहरीला सांप' वाली टिप्पणी को लेकर पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं ने अब तक 91 बार उन्हें अलग–अलग तरह की गालियां दी हैं। कांग्रेस पर कर्नाटक में लिंगायत समुदाय का अपमान करने का भी आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि पार्टी ने बाबासाहेब आंबेडकर और वीर सावरकर को भी अपशब्द कहे हैं। कर्नाटक में 29 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद पहली बार प्रचार के लिए राज्य के दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि लोग उसकी गालियों का वोटों से जवाब देंगे और वे (कांग्रेस नेता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जितना कीचड़ उछालेंगे, उतना ही कमल खिलेगा। मोदी ने कहा, ''कांग्रेस आम आदमी के बारे में बात करने वाले, उनके (कांग्रेस के) भ्रष्टाचार को सामने लाने वाले और उसकी स्वार्थ की राजनीति पर वार करने वाले हर व्यक्ति से नफरत करती है। ऐसे लोगों के खिलाफ कांग्रेस की नफरत गहरी होती जाती है। इस चुनाव में भी कांग्रेस ने फिर से मुझे गालियां देने का काम शुरू कर दिया है।'' बीदर जिले के हुमनाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''किसी ने मेरे खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे इस तरह के अपशब्दों की सूची बनाई और मुझे भेजा। अभी तक कांग्रेस के लोग मुझे 91 बार अलग–अलग तरह की गालियां दे चुके हैं। अगर कांग्रेस ने अपशब्दों के इस शब्दकोष पर समय व्यर्थ करने के बजाय सुशासन और अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने पर ध्यान दिया होता, तो उसकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती।'' उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री मोदी की तुलना जहरीले सांप से की थी। हालांकि, विवाद पैदा होने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री के खिलाफ नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ थी। मोदी ने कहा, ''गरीबों और देश के लिए काम करने वालों का अपमान करना कांग्रेस का इतिहास रहा है। मैं इकलौता नहीं हूं, जिस पर इस तरह का हमला किया गया है। पिछले चुनाव में उन्होंने 'चौकीदार चोर है' अभियान चलाया था, फिर उन्होंने कहा 'मोदी चोर' है, फिर उन्होंने कहा 'ओबीसी समुदाय चोर' है और अब कर्नाटक में चुनाव प्रचार शुरू होते ही उन्होंने मेरे लिंगायत भाइयों और बहनों को चोर कहने की हिम्मत दिखाई है।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के नेता कान खोलकर सुनें, जब भी आपने किसी को अपशब्द कहे हैं, उन्होंने (मतदाताओं ने) आपको इस तरह से दंड दिया है कि आप उसे सहन नहीं कर पाए। इस बार कर्नाटक के लोगों ने अपशब्दों और उनके गौरव को पहुंचाई गई क्षति का वोटों के जरिये जवाब देने का फैसला किया है।'' मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने उन्हें अपशब्द कहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है, जिसने बाबासाहेब आंबेडकर को भी अपशब्द कहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''बाबासाहेब आंबेडकर ने एक बार खुद कहा था कि कांग्रेस ने बार–बार उन्हें अपशब्द कहे। कांग्रेस ने बाबासाहेब आंबेडकर को 'राक्षस', 'राष्ट्रद्रोही', 'दगाबाज दोस्त' कहा था... आप सुनकर हैरान रह जाएंगे। आज भी हम देखते हैं कि कांग्रेस कैसे वीर सावरकर को अपशब्द कहती है। कांग्रेस ने इस देश के दिग्गज नेताओं को अपशब्द कहे हैं।'' मोदी ने कहा, ''इसे देखते हुए मुझे लगता है कि कांग्रेस मेरा सम्मान करती है, जैसा कि उसने बाबासाहेब आंबडेकर और वीर सावरकर का किया, क्योंकि कांग्रेस उसी तरह से मुझे भी अपशब्द कहती है। मैं इसे अपने लिए उपहार के तौर पर मानता हूं।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस को मेरे लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करने दीजिए, मैं देश और उसके लोगों के लिए काम करना जारी रखूंगा। आपके आशीर्वाद से उनके सभी अपशब्द मिट्टी में मिल जाएंगे। कांग्रेस के लोग समझ लें कि आप हम पर जितना कीचड़ उछालेंगे, उतना ही कमल खिलेगा।'' कर्नाटक में लोगों से मजबूत और पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने की अपील करते हुए मोदी ने राज्य के लिए एक नया चुनावी नारा दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक को डबल इंजन भाजपा सरकार की आवश्यकता है ताकि केंद्र और राज्य के बीच समन्वय हो, कोई अवरोध न हो, बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं भी तेजी से पूरी हों ताकि विदेशी निवेशकों के बीच भरोसा मजबूत हो तथा कर्नाटक कांग्रेस का एटीएम बनने के बजाय देश का विकास इंजन बने। उन्होंने केंद्र तथा राज्य दोनों में भाजपा सरकार के विभिन्न कामों को गिनाते हुए कहा कि कर्नाटक चुनाव केवल पांच साल के लिए सरकार बनाने के लिए नहीं है बल्कि यह देश में राज्य को ''नंबर एक'' बनाने के लिए है। उन्होंने कहा, ''कर्नाटक को देश में नंबर एक बनाने के लिए यह आवश्यक है कि राज्य में डबल इंजन सरकार रहे। डबल इंजन सरकार का मतलब दोगुना लाभ, दोगुनी गति से है।'' कांग्रेस पर देश को बांटने तथा तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस गरीबों की परेशानी नहीं समझ सकती क्योंकि उन्होंने गरीबी नहीं देखी है।

## कांग्रेस पर कोई विश्वास नहीं करता, उनकी गारंटी की वारंटी खत्म हो चुकी हैः जेपी नड्डा



बंगलुरु। कर्नाटक चुनाव को लेकर भाजपा जबरदस्त प्रचार कर रही है। पार्टी के तमाम बड़े नेता लगातार राज्य में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी आज कर्नाटक के धारवाड़ जिले के कलाघटगी में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। अपने बयान में नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार सामान्य मानवी के विकास के लिए काम कर रही है। नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि में आपको पैसा भेजा लेकिन कुमारस्वामी ने सीएम रहते केवल 17 किसानों का नाम भेजा था। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक में जब सिद्दारमैया सरकार थी तब इन्होने आवास योजना पर ब्रेक लगा दी थी और जब हमारी सरकार आई तो लाखों गरीबों को आवास मिला। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि येदियुरप्पा जी ने 170 केस बनाए और 1,700 च्थ्प् के लोगों को जेल में डाला। उन्होंने कहा कि जब सिद्धारमैया की सरकार आई तो ये केस वापस लिए और इन 1,700 लोगों को बाहर निकाल दिया। फिर नरेंद्र मोदी ने ठोस आधार पर पीएफाई को बैन किया और फिर से केस लगाकर इनको जेल में डाल दिया। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर आप चाहते हैं कि च्थ्प् पर बैन कायम रहे तो भाजपा को जिताइए। नड्डा ने कहा कि कर्नाटक के चुनाव में भाजपा को, डबल इंजन की सरकार को जनता आशीर्वाद देने के लिए आतुर है। कांग्रेस पार्टी पर कोई विश्वास नहीं करता और उनको मालूम है कि सत्ता के लिए इतने लालच में आ गए हैं कि हर तरह की गारंटी की बात करते हैं और चुनाव निकल जाने के बाद वो भूल जाते हैं इसलिए उनका इतिहास जगजाहिर है भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सभी जानते हैं कि कांग्रेस सत्ता पाने के लिए कितनी गारंटी दे रही है और लोग उन पर भरोसा नहीं कर रहे हैं। उनकी गारंटी की वारंटी खत्म हो चुकी है। इससे पहले नड्डा ने कहा था कि जेडीएस को वोट डालने का मतलब है कांग्रेस को वोट देना और कांग्रेस को वोट देने का मतलब है च्थ्प् को वोट देना। ये सभी समाजविरोधी लोगों को समर्थन देने वाली पार्टियां हैं। इसलिए हमें वोट सोच–समझकर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीके शिवकुमार मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नंबर 1 आरोपी हैं। आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी वे आरोपी नंबर 1 हैं। कांग्रेस के नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं!

## मोदी जितनी कोशिश कर लें, केजरीवाल का काम नहीं रोक पाएंगेः सिसोदिया



नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ा दी है। मनीष सिसोदिया को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच किए जा रहे आबकारी मामले में उनकी न्यायिक हिरासत की समाप्ति पर राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया था। न्यायिक हिरासत बढ़ने के बाद सिसोदिया से पत्रकारों ने सवाल भी पूछा। सवालों के जवाब में सिसोदिया ने कहा कि मोदी जी चाहे जितनी कोशिश कर लें, लेकिन दिल्ली में केजरीवाल जी का काम नहीं रोक पाएंगे। ईडी द्वारा जांच की जा रही आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत आज 8 मई तक बढ़ा दी गई। इससे पहले दिल्ली की अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और कहा कि साक्ष्य प्रथम दृष्टया ''अपराध में किस हद तक उनकी संलिप्तता है, इस ओर इशारा करते हैं।'' विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने सिसोदिया को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष धनशोधन के कथित अपराध में सिसोदिया की संलिप्तता को लेकर एक वास्तविक और प्रथम दृष्टया मामला दिखाने में सक्षम रहा है। अदालत ने ''गंभीर प्रकृति के आरोपों और आपराधिक साजिश में सिसोदिया द्वारा निभाई गई भूमिका, अपराध की आय के सृजन और इस्तेमाल आदि से संबंधित गतिविधियों में उनकी संलिप्तता'' को देखते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया।

## प्रदेश में अब कानून का राज, सुरक्षा की गारंटी हैः सीएम योगी



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार निकाय चुनाव को लेकर भाजपा का प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान वह लोगों से ट्रिपल इंजन की सरकार की अपील कर रहे हैं। आज भी योगी ने राज्य में पांच जगहों पर चुनाव प्रचार किया। योगी ने साफ तौर पर कहा कि यूपी में बिना भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी है। योगी ने आज गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर और वाराणसी में चुनाव प्रचार किया। महाराजगंज में एक सभा के दैरान योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत की दुनिया में साख बढ़ी है। अभी सूडान में फंसे लोगों को ऑपरेशन कावेरी के माध्यम से सुरक्षित निकाला गया। किसी देश में खून खराबा हो रहा हो और वहां से भारत के लोग सुरक्षित निकालकर उनके घरों तक पहुंचाया जा रहा हो, ये प्रधानमंत्री के द्वारा ही संभव हो पा रहा है। देवरिया में योगी ने कहा कि अभी हम लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट हमें अनुमति दे तो हम फिर से देवरिया को चीनी का कटोरा बनाकर यहां के किसानों और नौजवानों की आमदनी को कई गुणा बढ़ाने का काम करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को दिया जाना चाहिए अयोध्या में राम मंदिर का श्रेय



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर निर्माण का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के दोनों वरिष्ठ नेताओं ने देश की संस्कृति और आस्था को संरक्षित करने के लिए बहुत कुछ किया है। पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भगवान राम की जन्म भूमि अयोध्या में राम मंदिर के लिए अतीत में कई आंदोलन हुए, जहां अब एक विशाल मंदिर बन रहा है। वह विश्व उमियाधाम द्वारा बृहस्पतिवार कोनिकोल इलाके में आयोजित 'राम कथा' में जुटे लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा हम सभी जानते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए अतीत में कितने आंदोलन हुए। मंदिर 2024 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसका श्रेय हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को देना चाहिए। उन्होंने हमारी आस्था और संस्कृति को सहेजने में बहुत योगदान दिया है। विश्व उमियाधाम एक वृहद मंदिर परिसर है जिसे 1,000 करोड़ रुपये की लागत से अहमदाबाद शहर के पास जसपुर गांव में स्थापित किया जा रहा है। यह मंदिर पाटीदार समुदाय के एक उप–समूह कडवा पटेल की अधिष्ठात्री देवी मां उमिया को समर्पित होगा। विश्व उमिया फाउंडेशन के अनुसार निर्माण पूरा हो जाने के बाद यह मंदिर 504 फुट की कुल ऊंचाई के साथ दुनिया का सबसे ऊंचा मंदिर होगा। 30 लाख वर्ग फुट में फैले इस मंदिर का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2019 में किया था।

## मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी भी दोषी करार, 4 साल की सजा और एक लाख का जुर्माना लगा



लखनऊ। गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज 2007 के एक मामले में मुख्तार अंसारी को शनिवार को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। गाजीपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने गैंगस्टर–राजनीतिज्ञ को 5 लाख रुपये जुर्माना भरने का भी आदेश दिया है। उनके बड़े भाई और शहर के बसपा सांसद अफजाल अंसारी को भी दोषी ठहराया गया था और चार साल की सजा सुनाई है। अफजाल अंसारी पर एक लाख का जुर्माना भी लगा है। अफजल के लिए फैसला बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सजा का मतलब लोकसभा सीट हारना है। इससे पहले दिन में अंसारी बंधुओं के खिलाफ अपहरण और हत्या के एक मामले में फैसला सुनाने के लिए गाजीपुर अदालत के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। एक प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक के अनुसार, मुख्तार पर कोयला व्यवसायी और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी नंदकिशोर रूंगटा के 1996 के अपहरण मामले और 2005 के भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड में शामिल होने के लिए मामला दर्ज किया गया था।




## एसएमएस कर्नाटक के विकास के लिए खतरनाक, शिवराज बोले– विषकुंभ बन गई है कांग्रेस, चड मोदी के बारे में फैलाती है जहर



भोपाल। कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में प्रचार धार पकड़ने लगा है। भाजपा ने सत्ता में वापसी के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इन सब के बीच मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कर्नाटक में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। शिवराज ने कहा कि कांग्रेस विषकुंभ बन गई है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बारे में जहर ही फैलाती रहती है। कभी कहते हैं मोदी मौत के सौदागर हैं, कोई कहता है सारे मोदी चोर हैं, कोई कहता है कि मोदी जी सांप हैं, कोई उनको नीच बोलता है। शिवराज ने साफ तौर पर कहा कि ये सत्ता जाने की छटपटाहट है, जो बौखलाहट में बदल गया है इसलिए कांग्रेस के विषकुंभ से जहरीले बयान निकल रहे हैं। मगर मोदी जी विषपान करने वाले नीलकंठ हैं। इसके साथ ही भाजपा नेता ने कर्नाटक कांग्रेस के तीन बड़े नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एसएमएस (सिद्धारमैया, मल्लिकार्जुन खड़गे और शिवकुमार) कर्नाटक के विकास के लिए खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि यह एसएमएस कर्नाटक के भविष्य को नष्ट कर देगा। उन्होंने दावा किया कि केवल डबल इंजन सरकार ही कर्नाटक को बचा सकती है। आपको बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप बताया था। इसी के बाद से भाजपा कांग्रेस पर जमकर निशाना साध रही है। खड़गे के बयान को लेकर मोदी ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा है। मोदी ने कर्नाटक के बीदर जिले के हुमनाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने मुझे फिर से गाली देना शुरू कर दिया है। हर बार कांग्रेस मुझे गाली देती है, वह ध्वस्त हो जाती है। कांग्रेस ने मुझे 91 बार गाली दी है ... कांग्रेस को मुझे गाली देने दो, मैं कर्नाटक के लोगों के लिए काम करता रहूंगा।

## जम्मू-कश्मीर के राजौरी में हुआ दर्दनाक हादसा, गाड़ी खाई में गिरने से सेना के दो जवानों की मौत

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। हादसा केरी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुआ। अधिकारियों ने समाचार एजेंसी बताया कि दुर्घटना तब हुई जब बल की एक एम्बुलेंस सड़क से फिसल गई और खाई में गिर गई। अधिकारियों ने कहा कि सेना की एंबुलेंस नियंत्रण रेखा के पास ड्रुंगी गाला के पास उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई जब उसके चालक ने तेज मोड़ पर नियंत्रण खो दिया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एंबुलेंस चालक और एक जवान की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बचावकर्ताओं ने उनके शवों को खाई से निकाल लिया। पिछले साल दिसंबर में, उत्तरी सिक्किम के पास एक खड़ी ढलान पर वाहन के फिसलने से सेना के 16 जवानों की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे। यह वाहन तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था, जो चटन से सुबह थंगू की ओर बढ़ा था। जेमा के रास्ते में, वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# नगर निकाय चुनाव को सकुशल निष्पक्ष कराने की अपील

## कोविड–19 के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों को दिया जाएगा मेडिकल किट

दैनिक बुद्ध का संदेश
बलरामपुर। नगर निकाय चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष रुप से संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारीध जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर निकायों के अध यक्ष पद एवं सदस्य पद के निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डीएम ने प्रभारी अधिकारियों को सौपे गए कार्यों की समीक्षा की। प्रभारी अधिकारी मतपत्र जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में 4 मई के मतदान को कराने के लिए मतपत्र आ गए हैं। सभी मतपत्र निर्वाचन अधिकारी को सौप दिए जाएंगे।



उन्होंने पोलिंग पार्टियों की रवानगी के संबंध में तैयारियों एवं स्ट्रांग रूम बनाए जाने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाए एवं सीसीटीवी कैमरे आदि अवश्य लगे हो। मतदान कार्मिकों के लिए लेखन सामग्री आदि की व्यवस्था पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एक बार फिर मतदान केंद्रों में सभी व्यवस्थाओं का जायजा ले लें। कोविड–19 से बचाव के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों को मेडिकल किट प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नगर निकाय व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के लकी ड्रा बाइक के विजेता बने, पवन कुमार

दैनिक बुद्ध का संदेश
बस्ती। उत्तर भारत की अग्रणी ज्वेलरी चेन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स द्वारा आयोजित अक्षय तृतीया की सेल के दौरान मिले लकी कूपन का लकी ड्रा आयोजित किया गया। लकी ड्रा का कूपन मुख्य अतिथि अंकुर वर्मा के करकमलो द्वारा निकाला गया। इस लकी ड्रा में बाइक के विजेता के रूप में पवन कुमार के नाम की घोषणा की गई। लकी ड्रा सेल का आयोजन अक्षय तृतीया के अवसर पर 2 से 21 अप्रैल 2023 के बीच किया गया था। इस दौरान हर 25 हजार रुपये की खरीदारी करने पर ग्राहकों को एक लकी ड्रा कूपन दिया गया था। राज्य के अलग अलग जिलों में स्थित शोरूम पर आयोजित इस लकी ड्रॉ सेल के ग्राहकों को मेगा ड्रा में कार और लकी ड्रा में सभी 7 शोरूम के एक लकी ग्राहक को बाइक समेत कई तरह के ईनाम जीतने का अवसर दिया गया था। इसी क्रम में आज ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के बस्ती स्थित शोरूम पर लकी ड्रा का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर ऐश्प्रा जेम्स एण्ड ज्वेल्स के बस्ती शोरूम के मालिक नन्दलाल अग्रवाल ने इस ग्रैंड ज्वेलरी सेल में खरीदारी करने वाले सभी बस्ती वासियों का इसे सफल आयोजन बनाने के लिए आभार प्रकट किया। मनीष अग्रवाल जी ने कहा, हम लकी ड्रा के परिणामों की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं और हम लकी ड्रा के विजेता को बधाई देते हैं। इस ज्वेलरी फेस्टिवल सेल का आयोजन हमारे ग्राहकों के लिए फेस्टिव सीजन को उत्साहजनक और रोमांचक बनाने के लिए किया गया था। लकी ड्रा जैसे आयोजन हमारे ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक माध्यम है। इसमें हमारे ग्राहकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और इसे वर्ष का सफलतम आयोजन बनाया। हमारे यहां लेटेस्ट डिजाइन की ज्वैलरी आकर्षक रेट्स पर उपलब्ध है। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स पर ग्राहकों के लिए ट्रेंड और ट्रेडिशन दोनों के अनुसार ज्वेलरी की डिजाइन उपलब्ध होती है और क्वालिटी ही हमारी सबसे बड़ी पहचान है। हम आगे भी ऐसे आयोजन करते रहेंगे और उम्मीद करते हैं कि हमारे सम्मानित ग्राहक आगे भी हमें इसी तरह का सहयोग और समर्थन देते रहेंगे।




# भाजपा प्रत्याशी के लिए सांसद हरीश द्विवेदी ने किया वार्डो में जनसम्पर्क

दैनिक बुद्ध का संदेश
बस्ती। नगर पालिका चुनाव में मतदान जितना करीब आ रहा है उतनी ही तेजी से राजनैतिक दलो की भागदौड़ तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने बस्ती नगर पालिका के लिए सीमा खरे को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा प्रत्याशी के लिए सांसद हरीश द्विवेदी ने रौतापार पुराना और डाकखाना वार्ड में सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क किया। सांसद हरीश द्विवेदी ने लोगो से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए अपील किया। वही प्रत्याशी सीमा खरे ने महरीखांवा और पिकौरा दत्तुराय में सुबह और शाम जनसम्पर्क किया। सांसद ने अपील करते हुए कहाँ की मेरे प्रयास से केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा रिंग रोड बनने जा रहा है जिससे बस्ती शहर और व्यापार का बृहद विस्तार होगा। पिछले 6 सालों में प्रदेश में भाजपा की सरकार है. आपने देखा होगा जिले के किस तरह से विकास हुआ है. भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। अपराध पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया गया है जनता से जो भी वादे किये गये थे सभी पूरा किया जा रहा है। निकाय चुनाव साल 2024 के चुनाव का सेमीफाइनल है. निश्चित तौर से सभी भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीतकर आएंगे। इस मौके पर भाजपा नेता अनूप खरे, प्रमोद पाण्डेय, दिवाकर मिश्रा, दिलीप पाण्डेय, अमृत कुमार वर्मा, ब्लाक प्रमुख अभिषेक कुमार, दुष्यन्त सिंह, अमित गुप्ता, सुभाष श्रीवास्तव, राघवेन्द्र सिंह, अखंड सिंह, संजय चौरसिया, अवनीश सिंह, सलमान खान, अलोक पाण्डेय, सिद्धार्थ मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव, कामेंद्र चौहान, राहुल पटेल, नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, अभिषेक सिंह, मनोज जायसवाल, सिद्धार्थ राय सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# घायल अवस्था में मिला बारहसिंहा वन विभाग की टीम पहुँचकर कराया इलाज जंगल में छोड़ा

दैनिक बुद्ध का सन्देश
अलावल देवरिया,गोंडा। ब्लॉक पंडरी कृपाल के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा तुर्काडीहा में बारहसिंहा हिरन जो घायल अवस्था में मिला। जिसकी सूचना लोगों ने वन विभाग टीम को दिया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम में मौके पर पहुंचकर हिरन का इलाज के लिए डाक्टर को बुलाया। सेक्शन प्रभारी पंडरी कृपाल वन दरोगा नन्द गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि तुर्काडीहा नहर के पास बारहसिंहा हिरण को कुत्ते काटने के लिए दौड़ा रहे थे। इसी बीच हिरन भाग कर नहर के पास त्रिमुहानी पर बने एक दुकान में छुप गया और इसकी सूचना लोगों ने वन विभाग टीम को दी। वन दरोगा नन्द गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि रामफेर मिश्रा निवासी तुर्काडीहा पोस्ट बड़गांव थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा। जो कि नहर के पास त्रिमुहानी पर अपनी दुकान बनाए हुए हैं घायल बारहसिंघा जान बचाने के लिए उनकी दुकान में घुस गया बारहसिंघा हिरण को देखकर रामफेर मिश्रा ने वन विभाग को फोन पर सूचना दिया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों के सहयोग से बारहसिंहा हिरन को पकडा। वन विभाग की टीम ने हिरण के इलाज के लिए डॉक्टर को बुलाया इलाज के लिए पंडरी कृपाल के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अविनाश अपने सहयोगियों के साथ पहुंचकर घायल हिरण का इलाज किया। वन विभाग के वन दरोगा नन्द गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि इलाज हो जाने के बाद बारासिंहा हिरण को जंगल में छोड़ दिया गया है। इस मौके पर वन विभाग की टीम के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।



# परिषदीय विद्यालय मे एआरपी राम बिलास वर्मा ने किया पुस्तकालय का उदघाटन



दैनिक बुद्ध का संदेश
मनकापुर,गोण्डा। शिक्षा क्षेत्र बभनजोत में शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी लव कुश कुमार के निर्देशन में समस्त 108 परिषदीय विद्यालयों में स्थापित पुस्तकालयों का पुनः शुभारंभ करके सक्रिय किया गया इसी क्रम में एआरपी रामविलास वर्मा व जावेद कमर द्वारा प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय हथियागढ़, प्राथमिक विद्यालय कचरैली, प्राथमिक विद्यालय कुलहिया में पहुंचकर पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ए आरपी राम बिलास वर्मा ने कहा कि सभी बच्चे विद्यालय मे पुस्तकालय से अच्छी पुस्तके प्राप्त कर अच्छी जानकारिया प्रदान कर सकते हैं जिससे बच्चो का सर्वाँगींण विकास हो सकता हैं। इस अवसर पर विजय लक्ष्मी, सरवर जहाँ, अनिरुद्ध प्रसाद,पल्लवी सिंह, राकेश कुमार वर्मा, सहित अन्य अध्यापक, एवं शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली, अभिभावकों को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश
रूपईडीह,गोण्डा। स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लैबुडवा में स्थित पूर्व माध यमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के रैली को ग्राम प्रध ान संगीत ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। प्रध ानाध्यापिक शशि के नेतृत्व में विभागीय निर्देशों का अनुपालन करते हुए ष्स्कूल चलो अभियान के तहत अध्ययनरत छात्र छात्राओं की एक रैली निकाली गई। जिसमे नामांकन में वृद्धि हेतु क्षेत्रीय अभिभावकों से सम्पर्क किया गया। उक्त रैली के दौरान विद्यालय के बच्चों ने घर–घर शिक्षा दीप जलाओ–लड़का–लड़की सभी पढ़ाओ, बेटी–बेटा एक समान, फिर क्यों भेद करें इंसान, पढ़ी–लिखी लड़की, रोशनी है घर की साक्षर–गोण्डा, शिक्षित–गोण्डा जैसे अनेक स्लोगन के नारे लगाते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन कराने हेतु जागरुक किया। इस रैली में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका शशि प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार, अध्यापक अमर नाथ, कार्यकत्री मंजू तिवारी सहित उपस्थित रहे।



## जन गण मन बोल रहा है बलरामपुर में धीरु का रथ दौड़ रहा है

दैनिक बुद्ध का संदेश



बलरामपुर। बलराममुर की जनता ने धीरु सिंह को नगर का प्रथम व्यक्ति हृदय में चुन लिया है। यह जनता की आवाज है, इसे कोई नकार नहीं सकता। जनरथ जो विजय रथ है जिस पर बलरामपुर की जनता सवार है उसकी जय जय कार है धीरू भैया अबकी बार हैं। धीरू सिंह हमारा नेता है जन जन का प्यारा है दुनिया से न्यारा है धीरू सिंह की जीत प्रत्येक व्यक्ति जन–जन की जीत है बलरामपुर का भाग्य उदय हो रहा है। यह जनता की आवाज है। भाजपा का विजय रथ बलरामपुर स्टेशन मोड़ से सिटी पैलेस तक विकास रथ के रुप में यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में नर नारी की सहभागिता रही धीरू सिंह के जयकारों से बलरामपुर गूंज उठा। हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सब ने है कसम खाई। अब की बार धीरूभाई, उनकी बारी आई। उपरोक्त जन जागरण नगर विकास यात्रा में रथ पर सवार सदर विधायक पलटू राम, हनुमानगढ़ी महंत महेंद्र दास, उदासीन संगत गेलहापुर महंत गजानंद महाराज, भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर धीरेंद्र सिंह धीरू, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह आदि गणमान्य शोभा बढ़ा रहे थे। इसके अतिरिक्त सैकड़ों कार्यकर्ता नर नारी जनों की उपस्थिति रही।

## जनता का आशीर्वाद मिला तो वार्ड नंबर 10 माली टोला का होगा कायाकल्प: दिनेश गुप्ता



दैनिक बुद्ध का संदेश
बस्ती। दिनेश गुप्ता ने कहा कि सफाई कार्य, सामुदायिक शौचालय, नाली, इंटरलॉकिंग एवं प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। वार्ड वासियों से मेरा निवेदन है अपना आशीर्वाद दे,। आपका आशीर्वाद एवं स्नेह से वार्ड नंबर 10 माली टोला को उत्तम वार्ड बनाने का संकल्प पूरा होगा। विश्वास दिलाना चाहते हैं वार्ड नंबर 10 माली टोला मे जनता और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भाजपा के विचारधारा को साथ लेकर पूरे वर्ल्ड में जनसंपर्क अभियान तेज कर जीत हासिल करूंगा। और वार्ड नंबर 10 माली टोला को जिले के सबसे उत्तम वार्ड बनाऊंगा।

# जिला अधिकारी ने किया जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण





दैनिक बुद्ध का संदेश
गौतमबुद्धनगर। 240 शैय्यायुक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 30 से सेक्टर 39 नोएडा के नवनिर्मित भवन में हुआ पूर्ण रूप से संचालित जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 30 में दी जा रही सभी सुविधाएं मरीजों को सेक्टर 39 में रहेंगी मौजूद जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सेक्टर 39 में पहुंचकर जिला संयुक्त चिकित्सालय का किया स्थल निरीक्षण डीएम के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त चिकित्सक गण को निर्देश नवनिर्मित जिला संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को पूर्व की भांति सभी सुविधाएं कराएंगे उपलब्ध उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सेक्टर 30 में संचालित 240 शैय्यायुक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय को सेक्टर 39 में नवनिर्मित भवन में आज पूर्ण रूप से शिफ्ट कर दिया गया है। अब जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 39 में संचालित होगा।

जिला संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को समस्त सुविधाएं एवं इलाज पूर्व की भांति संभव कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा आज अपने भ्रमण के दौरान जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 39 नोएडा में पहुंचे, जहां पर उन्होंने शिफ्ट हुए जिला चिकित्सालय का बहुत ही गहनता के साथ स्थल निरीक्षण किया।

उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य स्टाफ को स्पष्ट करते हुए कहा कि नवनिर्मित भवन में जिला संयुक्त चिकित्सालय पूर्ण रूप से संचालित हो गया है। सभी चिकित्सक गण एवं स्टाफ जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 30 में मिलने वाली सभी सुविधाएं मरीजों को नवनिर्मित भवन में संचालित जिला संयुक्त चिकित्सालय में पूर्व की भांति उपलब्ध कराई जाएंगी।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं संबंधित अधिकारीगण तत्काल प्रभाव से दुरुस्त करते हुए मरीजों का इलाज पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने की कार्रवाई करेंगे ताकि उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा का लाभ एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनपद के वासियों को सरलता के साथ उपलब्ध हो सके।

उन्होंने इस अवसर पर सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हुए स्टाफ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला संयुक्त चिकित्सालय में सभी डॉक्टर एवं स्टाफ समय पर उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य में किसी भी स्तर की लापरवाही को बहुत ही गंभीरता के साथ लेकर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर डीएम ने समस्त जनपद वासियों का भी आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि जिनके द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय में अपना इलाज कराया जा रहा था वह सेक्टर 39 के नवनिर्मित भवन में संचालित जिला संयुक्त चिकित्सालय में पहुंचकर अपना इलाज पूर्व की भांति करा सकते हैं। जिलाधिकारी के भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार शर्मा तथा अन्य संबंधित चिकित्सक गण उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने हिरण को कुत्तों से बचाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश
इटियाथोक,गोंडा। इटियाथोक थाना क्षेत्र के परसिया बहोरी पुर ग्राम पंचायत में पानी की तलाश में एक हिरण नजर आया जिसको कुछ कुत्तों ने घेर लिया जिससे हिरण घायल हो गया ग्रामीणों ने देखा और कुत्तों को भगाकर हिरण की जान बचाई और उसकी सूचना वन विभाग को दी सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मियों ने हिरण को कब्जे में लिया और उसका इलाज कराकर जंगलों में छोड़ दिया।

# एन पी एल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
इटियाथोक,गोंडा। इटियाथोक क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरौरा भरारापुर में एन पी एल क्रिकेट टूर्नामेंट की आज से शुरुआत हुई इस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन ग्राम प्रधान हरिशंकर सोनी ने किया इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा खेलों से युवाओं के अंदर प्रतिस्पर्धा के साथ–साथ उन्हें स्वास्थ्य लाभ भी होता है इसलिए युवाओं को शिक्षा के साथ–साथ खेल पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। आज धनौली व मिश्रौलिया टीमों के मध्य मैच खेला गया ।इस अवसर पर अतुल चौरसिया, अनीश यादव, ऋषभ मौर्य सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष ने किया बसपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

## राकेश दत्त त्रिपाठी के लिये किया जनसम्पर्क, मांगा वोट

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव में नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर में जहां कांटे की टक्कर लगातार होती नजर आ रही है वही अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सुधीर पांडे ने शुक्रवार को बसपा प्रत्याशी राकेश दत्त त्रिपाठी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कर सभी को चुनौती देते हुए ब्राह्मणों को एक होने की अपील कर दी। आपको बता दें कि सदर नगर पालिका परिषद के चुनाव में इस समय जमकर जातिवाद वर्गवाद आदि को लेकर लगातार वोट मांगे जा रहे हैं। वही भाजपा से सीट ना मिलने पर बसपा के सीट पर ब्राह्मणों को एक करने के उद्देश्य से चुनाव लड़ रहे राकेश दत्त त्रिपाठी के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर हजारो की संख्या में ब्राम्हण बुद्धिजीवियों के चेहरे ने सबको चौंका दिया। साथ ही बामसेफ एवं बसपा के मूल कैडर के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में शामिल रहे। राकेश दत्त त्रिपाठी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि आज जनरल वर्ग चारों तरफ से उपेक्षित किया जा रहा है हमारे लिए कहीं जगह नहीं है आज कुमारी बहन मायावती ने ब्राह्मणों को सम्मान देते हुए सदर नगरपालिका सीट से अध्यक्ष पद पर मुझे प्रत्याशी बनाया है मुझे गर्व है कि मैं बसपा का कार्यकर्ता हूं मैं सदर नगरपालिका के सभी लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि यदि नगरपालिका का अध्यक्ष मैं बनता हूं तो निश्चित रूप से सभी क्षेत्रों में विकास होगा आपको बता दें कि नगरपालिका परिषद में इस समय कांटे की टक्कर हो रही है हर तरफ दावेदार जनसंपर्क अभियान छेड़े हुए हैं। चुनावी उद्घाटन के दौरान बसपा के जिला अध्यक्ष राज कुमार ने कहा कि आज सभी को एकजुट होकर राकेश दत्त त्रिपाठी को जिताने के लिए लोगों से अपील करने की जरूरत है हम सब एक मजबूत नगर पालिका अध्यक्ष चाहते हैं। राकेश दत्त त्रिपाठी एक मजबूत नगर पालिका अध्यक्ष के तौर पर हम सबके साथ रहेंगे उद्घाटन के इस अवसर पर जयंत पांडे, पंकज मिश्रा, विक्की रस्तोगी, विक्की शर्मा, राजगोपाल भारती, घनश्याम शर्मा, सहित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी, बामसेफ के पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।










### पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब बनवाएंगे- राकेश दत्त त्रिपाठी

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के बसपा उम्मीदवार राकेश दत्त त्रिपाठी ने शुक्रवार को चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि पत्रकारों के लिए जिला मुख्यालय पर नगरपालिका से जमीन मुहैया कराकर उसे बनवाया जाएगा जिससे पत्रकारों को एक जगह पर सम्मान मिल सके। साथ ही सभी वाडों में सड़क नाली आदि को लेकर अपना घोषणा पत्र जारी किया राकेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि जो घोषणा पत्र आज मैं जारी कर रहा हूं निश्चित रूप से मानिए की नगर पालिका अध्यक्ष बनने के 1 साल के दौरान ही इन सारे घोषणाओं को पूरा किया जाएगा राकेश दत्त त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता के दौरान अपने चुनावी घोषणापत्र को सुनाते हुए कहा कि जो आज मैं आप लोगों के सामने कह रहा हूं कल उसका हिसाब आप लेंगे इस दौरान उनके साथ बसपा जिलाध्यक्ष राजकुमार, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सुधीर पांडे, पूर्व प्रधान जयंत पांडे, पूर्व प्रधान पंकज मिश्रा आदि हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कम स्टांप लगाने पर बाबू ने क्यों नहीं उठाई आपत्ती,निबंधन कार्यालय क्यों रहता हैं मौन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अभी हाल ही में जमीन की रजिस्ट्री के दौरान कम स्टांप शुल्क चुकाने के खिलाफ जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया है लेकिन प्रश्न यह उठता है कि जब बेचने वाले और खरीदार दोनों स्टांप लगाकर जमीनों की रजिस्ट्री कराते हैं तो उस दौरान निबंधन कार्यालय के बाबू क्या उसकी जांच नहीं करते हैं। यदि करते हैं तो वह आपत्ति क्यों नहीं लगाते साथ ही जिस दस्तावेज लेखक के द्वारा जमीन की रजिस्ट्री लिखवाई गई थी क्या उसने इसे नहीं बताया था यह सारी रणनीति एक सोची समझी चाल के द्वारा की जाती है जिसमें निबंधन कार्यालय से लेकर दस्तावेज लेखक तक सभी शामिल होते हैं जहां खरीदार और बेचने वाले को पता ही नहीं रहता लेकिन इनके द्वारा कम स्टांप लगाकर उनसे ज्यादा पैसा वसूल कर काम करा दिया जाता है।

सबसे ज्यादा दिक्कत कम पढ़े लिखे लोगों में होती हैं जो केवल दस्तावेज लेखक एवं सरकारी कार्यालयों के ऊपर विश्वास कर अपना काम करा लेते हैं यह बातें आमजन में चर्चा है। यही नहीं रजिस्ट्री बाबू और दस्तावेज लेखकों के मिलीभगत से जो जमीन मेन सड़क पर होती हैं उन्हें अंदर दिखाकर बेच दिया जाता है। जिससे सड़क पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी कम हो जाती है जिला प्रशासन स्टांप लगाने वालों पर मुकदमा दर्ज करवाता है तो निश्चित रूप से इसमें शामिल सभी के ऊपर मुकदमा दर्ज होनी चाहिए और जांच भी होनी चाहिए वैसे ताजा मामला नौगढ़ क्षेत्राधिकार के ग्राम बर्डपुर नंबर 10 तहसील नौगढ में पत्र की जांच के द्वारा सामने आई जिसमें विक्रेता प्रेमचंद उर्फ प्रेमचंद, विजय बहादुर व विरेंद्र व राजकुमार पुत्रगढ़ जमुना प्रसाद ग्राम बर्डपुर नंबर 10 तथा क्रेता मोहम्मद हसन पुत्र मोहम्मद इदरीश ग्राम शिवपति नगर, मोहम्मद अतहर पुत्र नियाज अहमद ग्राम मधुबनी तहसील नौगढ की जांच में 12.5 लाख की स्टांप की पाई गई अच्छी बात है कि उनके ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया लेकिन इसकी जांच करने वाले बाबुओं के ऊपर भी मुकदमा कब दर्ज होता है या देखने वाली बात होती है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में जिलाधिकारी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में हर घर जल नल योजना के अन्तर्गत विभिन्न विकास खण्डो से चयनित ग्राम पंचायतो में कियान्वयन हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद के चिन्हित ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाली संस्थाओं द्वारा कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के साथ बाउण्ड्री वाल बनाने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जिन ग्राम पंचायतों में अभी खाते नहीं खुले हैं उन्हे शीघ्र खुलवाने के साथ ही लागों को जागरूक किये जाने का निर्देश दिया गया। जनपद में हर घर जल नल योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में कार्य के दौरान सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी थी उनको ठीक कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वी0के0अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, अधि0अभि0 ड्रेनेज खण्ड आर0के0 नेहरा, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अधि0 अभि0 विद्युत सिद्धार्थनगर डुमरियागंज बांसी को सयुंक्त रूप से निर्देश दिया कि रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्युत सखी के माध्यम से बिल निकालने तथा जमा कराये। विद्युत विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर–घर जाकर मीटर रीडिंग लेकर ही विद्युत बिल जारी करे तथा सही बिल जमा कराये। उपभोक्ता द्वारा मांग किये जाने पर समय से मीटर बदलवाना सुनिश्चित करे। अनावश्यक रूप से उपभोक्ताओ को परेशान न करे। आर0सी0 की वसूली समय से करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि छूटे हुये उपभोक्ताओं को चिन्हित करके नया कनेक्शन करायें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि संबन्धित जेई द्वारा उपभोक्ताओं का फोन रिसीव किया जाये। जर्जर पोल व तारो को बदलवाने के लिए एजेंसी नामित है उनसे जर्जर तारो को बदलवाना सुनिश्चित करे जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, सिद्धार्थनगर, समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।





## राधे रमण भाजपा में शामिल,मांगा वोट

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे राधारमण



शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए इस दौरान हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे भाजपा में शामिल होने के बाद कई वार्डो में भाजपा उम्मीदवार गोविंद माधव के लिए वोट मांगा साथ ही सभी को चुनाव में एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की।

## गोविंद माधव ने जमकर किया जनसंपर्क, लोगों से मांगा आशीर्वाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भाजपा प्रत्याशी गोविंद माधव ने शनिवार को



नगर पालिका परिषद के वार्डों में लगातार जाते हुए लोगों से जनसंपर्क कर मतदान करने की अपील की साथ ही लोगों से कहा कि विश्वास करिए मैं आपकी सेवा के लिए कोई कमी नहीं छोड़ूंगा नगर पालिका अध्यक्ष के तौर पर जो भी काम आप सभी का होगा उसे निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा गोविंद माधव के साथ सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक जनसंपर्क अभियान करते हुए नजर आए।

## राम सेवक लोधी ने लोगों से मांगा आशीर्वाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी से नगर पालिका परिषद



सिद्धार्थनगर के उम्मीदवार रामसेवक लोधी ने जनसंपर्क कर नगर पालिका के वार्डो में लोगों से आशीर्वाद मांगते हुए नजर आए सपा प्रत्याशी रामसेवक लोधी ने कहा कि जो भी नगरपालिका के अधुरे कार्य हैं उसे पूरा किया जाएगा किसी को कोई समस्या नहीं होगी इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## फौजिया आजाद के तरफ बड़े रुझान लोगों से कर रही भावुक अपील

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के चुनाव



में दूसरे नंबर पर रही फौजिया आजाद ने लगातार जनसंपर्क अभियान कर लोगों से भावुक अपील करती हुई नजर आ रही हैं उनकी भावुकता देखते हुए जहां उनकी तरफ रुझान बढ़ रहे हैं वहीं उनके जीतने की उम्मीदें भी लगा था बढ़ती जा रही हैं आपको बता दें कि अकेले मुस्लिम उम्मीदवार होने के नाते मुस्लिम मतदाता भी इनके तरफ लगातार आकर्षित होते नजर आ रहे हैं साथी अन्य वर्ग के लोग भी फौजिया आजाद और इनके पति गुलाम नबी के व्यवहार से काफी प्रभावित हैं ऐसी स्थिति में इनके द्वारा मांगे जा रहे मतदान की अपील लगातार लोगों के दिलों में बैठती जा रही है फौजिया आजाद ने कहा आप ने सभी को देखा एक बार मौका हमें भी दीजिए लगातार आपके बीच में आ रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने दिया एफएम रेडियो का सौगात

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं



डुमरियागंज लोकसभा के सासंद जगदम्बिका पाल ने सिद्धार्थनगर जिले के जनपद वासियों को एफएम रेडियो की सौगात कहा की ये हमारे प्रधानमंत्री का देन है सासंद ने कहा की केंद्र सरकार देश के एफएम कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध है। प्रधानमंत्री का इस बात में दृढ़ विश्वास रहा है कि जनता तक पहुंचने में रेडियो कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत की, जो अब अपने ऐतिहासिक 100 वें एपिसोड के करीब पहुंच रहा है। इस अवसर पर इस विस्तार के साथ आकाशवाणी अधिक से अधिक श्रोताओं तक पहुंचने के लिए इस माध्यम की अनूठी ताकत का उपयोग कर सकेगा।

## सम्पादकीय

**ऐसे में स्वाभाविक ही कोर्ट उसकी इस दलील से सहमत नहीं हुआ कि एफआईआर दर्ज करने के फैसले के बाद याचिकाकर्ताओं की मांग पूरी हो गई है, इसलिए कोर्ट को यह मामला बंद कर देना चाहिए। अदालत ने मामला जारी रखते हुए शुक्रवार को अगली सुनवाई रख दी है। जाहिर है, आगे पुलिस इस मामले में क्या और कैसी...**

# हलवानों के मामले में सवालों के घेरे में दिल्ली पुलिस



जतंर–मंतर पर पहलवानों का धरना जारी है। पहलवानों की शिकायत पर आखिरकार दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद यह कार्रवाई हुई है। ऐसे में दिल्ली पुलिस को लेकर सवाल अभी बने हुए हैं। वहीं, पहलवानों के मामले में पूरे खेल ढांचे की भी सुस्ती साफ दिखाई देती है। सात महिला पहलवानों की यौन उत्पीड़न की शिकायत के मामले में शुक्रवार को आखिर दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज करने को तैयार हो गई। लेकिन इस मामले में अब तक पुलिस और खेल प्रशासन का जैसा ढीला–ढाला रवैया रहा है, उससे उपजे सवाल इस पेशकश से समाप्त नहीं हुए हैं। कुश्ती की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड लाकर देश का नाम ऊंचा करने वाली महिला पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया, यही अपने आप में इतनी बड़ी बात थी कि देश के पूरे खेल ढांचे को अलर्ट मोड में आ जाना चाहिए था। मामले में अपनी तरफ से पूरी तहकीकात करते हुए यह बात शीशे की तरह साफ कर देनी चाहिए थी कि मामला क्या है, किसकी कितनी और कैसी गलती है और उसके लिए उन्हें किस तरह की सजा दी जा रही है। मगर तीन महीनों में जांच–पड़ताल के नाम पर जो कुछ हुआ, उसका नतीजा तक सार्वजनिक नहीं किया गया। न तो शिकायत करने वाले संतुष्ट हुए और न आरोपों के घेरे में आए लोग बेकसूर साबित हुए। इस ढीले–ढाले रेस्पॉन्स का ही परिणाम था कि महिला पहलवानों को एक बार फिर जंतर–मंतर पर बैठना पड़ा। उससे पहले ही वे पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवा चुकीं थीं। कायदे से इतनी गंभीर शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए थी, जांच–पड़ताल उसके बाद की जा सकती थी, लेकिन पता नहीं पुलिस के मन में क्या संशय था, उसने एफआईआर भी दर्ज नहीं की। जब पहलवान सुप्रीम कोर्ट गए और कोर्ट ने कड़ा रुख दिखाते हुए मामले की गंभीरता का अहसास कराया, तब भी पुलिस ने पहले यही कहा कि वह कुछ जांच करना चाहती थी, लेकिन अगर कोर्ट कहे तो एफआईआर दर्ज कर लेगी। हालांकि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होने पर अपनी तरफ से कह दिया कि वह आज ही एफआईआर दर्ज कर लेगी। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आखिर किन बातों ने पुलिस को रोक रखा था और किन वजहों से उसका रुख बदला। ऐसे में स्वाभाविक ही कोर्ट उसकी इस दलील से सहमत नहीं हुआ कि एफआईआर दर्ज करने के फैसले के बाद याचिकाकर्ताओं की मांग पूरी हो गई है, इसलिए कोर्ट को यह मामला बंद कर देना चाहिए। अदालत ने मामला जारी रखते हुए शुक्रवार को अगली सुनवाई रख दी है। जाहिर है, आगे पुलिस इस मामले में क्या और कैसी कार्रवाई करती है, इस पर नजर बनी रहेगी। बहरहाल, इंडियन ओलिंपिक असोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने पहलवानों के धरने को अनुशासनहीनता बताकर एक और विवाद छेड़ दिया। खेल जगत की चुप्पी भी गलत संदेश दे रही थी। अच्छा है कि यह चुप्पी टूटी। यह जांच से पहले ही किसी को दोषी मानने या बताने की कोशिश नहीं, बल्कि पूरे मामले की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच कराने का आग्रह है, जो एक संवेदनशील और न्यायप्रिय समाज की अनिवार्य विशेषता है।

## ब्राह्मण के चरण को वंदनीय मानते हैं गोस्वामी तुलसीदास



संस्कृति और सभ्यता के विकास के समय से ही ब्राह्मण पूज्य माने गए हैं। जिन्होंने विद्या और तप बल के द्वारा संसार की उत्पत्ति को जानने की कोशिश की वे ब्राह्मण कहलाए। समाज को एक सुचारू व्यवस्था से सुसज्जित करने वाले ब्राह्मण रहे। ब्राह्मण अर्थात ब्रह्म को जानने वाला। जो ज्ञानी है विज्ञानी है वही ब्राह्मण है। दरअसल प्राचीन भारतीय समाज में कर्म आधारित सामाजिक व्यवस्था थी। सिंधु नदी घाटी की कुछ लिपियां अद्यतन अपठनीय है। जबकि वैदिक युग में कर्म आधारित सामाजिक व्यवस्था थी। जबकि बहुत बाद में महात्मा गौतम बुद्ध के समय तक जातिगत भेद भाव चरम पर था। उस सामाजिक दुराग्रह और कर्मकांड को चुनौती देते हुए गौतम बुद्ध ने समाज के निचले तबके के लोगों में आत्म सम्मान के साथ आत्म गौरव का भाव जागृत किया। बाद में भारतीय इतिहास में लगभग ईसा पूर्व पहली शताब्दी में पुष्यमित्र ने पुनः ब्राह्मण धर्म की सर्वोच्चता स्थापित की। लोग भले ही ब्राह्मण सम्राट पुष्यमित्र को शुंग वंश का मानें किंतु वे भार्गव के तिवारी थे। हालांकि अभी इस पर शोध की आवश्यकता है। यदि ब्राह्मण सम्राट पुष्यमित्र शुंग थे फिर शुंग वंश कहां विलुप्त हो गया। भारतीय इतिहास के साथ विदेशी इतिहासकारों की साजिश है। सनातनी एकीकरण के लिए राजसूय यज्ञ का आयोजन ब्राह्मण सम्राट पुष्यमित्र ने ही करवाया। निश्चित रूप से गोस्वामी तुलसीदास के पास भारतीय इतिहास का सम्पूर्ण वांग्मय मौजूद रहा होगा क्योंकि वे तमाम निगम और आगम , वेद और पुराण के मर्मज्ञ थे। बहुत से विषय वस्तु भारतीय श्रुत परंपरा में मौजूद थे। इसीलिए श्रीरामचरित मानस में उन्होंने कल्पना और इतिहास का सुंदरतम समन्वय किया है। घटनाओं का जितना सजीव चित्रण गोस्वामी तुलसीदास जी ने किया है, संपूर्ण विश्व साहित्य में ऐसा चित्रात्मक वर्णन दुर्लभ है। धार्मिकता, मार्मिकता, पौराणिकता और ऐतिहासिकता से ओत प्रोत प्रभु श्रीराम की कथा कहने से पूर्व गोस्वामी जी ब्राह्मणों के चरणों की वंदना करते हैं। वे लिखते हैं कि बंदउ प्रथम महिसुर चरना। मोह जनित संसय सब हरना।।सुजन समाज सकल गुन खानी। करऊं प्रनाम सप्रेम सुबानी।। अर्थात पृथ्वी के देवता ब्राह्मणों के चरणों की वंदना करता हूं जो अज्ञान से उत्पन्न सब संदेहों को हरने वाले हैं। फिर सब गुणों की खान संत समाज को प्रेम सहित सुंदर वाणी से प्रणाम करता हूं। प्रिय पाठकों! आप ध्यान दीजिए तो इस पूरे ज्ञान कांड में गोस्वामी तुलसीदास जी कहीं भी राक्षसी वृत्ति और अज्ञान को प्रश्रय नहीं देते हैं। आज समाज में मांसाहार करते हुए कई ब्राह्मणों को सुना जाता है। कई मदिरापान करते हैं। गोस्वामी जी ऐसे लोगों को पतित और घृणित मानते हैं। सदाशयता और सज्जनता ब्राह्मणों का आचरण है। तपस्विता और रचनाधर्मिता उसकी ऊर्जा का केंद्र बिंदु है जोकि उसे सृजन में निबद्ध करती है। आप देखिए तो रावण जाति का ब्राह्मण था किंतु उसके कर्म नीच थे। तो जिसके कर्म नीच हों ऐसे लोगों का गोस्वामी जी निषेध करते हैं। उन्हें गोस्वामी तुलसीदास जी राक्षस की श्रेणी में रखते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी के लिए सज्जन ब्राह्मण सदैव देवतुल्य हैं, वे उनके चरणों की वंदना करते हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# श्रमिक दिवस पर विशेष आलेख : बटकी म बासी अउ चुटकी म नून, मैं गात हंव ददरिया तैं कान देके सुन

**जब हम अपनी खानपान की परंपराओं को सहेजते हैं तो कहीं न कहीं हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजते हैं। किसी भी प्रदेश की सांस□तिक पहचान का बड़ी हिस्सा उसकी खानपान की परंपरा होती है। छत्तीसगढ़ में इसे सहेजने के लिए जो कदम उठाये गये हैं और जिस तरह से स्थानीय...**

सौरभ शर्मा

भारत में खानपान को लेकर जो परंपराएं हैं उसमें हमेशा एक तत्व देखा गया है कि राज्यव्यवस्था हमेशा लोकजीवन के साथ उत्सवों में हिस्सा लेती थी। पुराने दौर में राजसूय यज्ञ होते थे जिसमें राजा स्वयं आम जनता के साथ ऐसे उत्सव में हिस्सा लेते थे। जब राजव्यवस्था स्थानीय संस्कृति का आदर करती है तो जनता का भी अपनी संस्कृति के प्रति गौरवबोध मजबूत होता है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पिछली बार अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के दिन सबसे बोरे बासी खाने का आग्रह किया। उनका यह संदेश बहुत लोकप्रिय हुआ और छत्तीसगढ़ से बाहर भी विदशों में भी बसे छत्तीसगढिया परिवारों ने इस दिन बोरे–बासी खाकर हमारी समृद्ध खानपान परंपरा को भी जिया।

हिंदी के राष्ट्रकवि श्री मैथिलीशरण गुप्त की प्रसिद्ध कविता है कि जो भरा नहीं है भावों से, जिसमें बहती रसधार नहीं, वो हृदय नहीं वो पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। स्वदेश के प्रति प्रेम क्या है उसकी संस्कृति से अनुराग, भाषा से अनुराग और खानपान की परंपराओं से अनुराग। जब हम सैकड़ों बरसों से चली आ रही खाद्य परंपराओं को अपनाते हैं तो अपने पुरखों के संजोये धरोहरों को भी आगे बढ़ाते हैं। हमारे पुरखों ने बोरे बासी खाकर कड़े परिश्रम से इस धरती को उपजाऊ बनाया।

छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है और धान का कटोरा यूँ ही नहीं भरता, लाखों मेहनतकश




किसानों के तिल तिल कर मेहनत करने से यह कटोरा भरता है और समृद्ध होता है। यह मेहनत तब हो पाती है जब समय का सदुपयोग होता है। इसके लिए बोरे बासी सबसे आसान खाद्य पदार्थ है। रात के वक्त बचा चावल भीगा दो और सुबह तक बासी तैयार हो जाती है। रात को जो किण्वन की प्रक्रिया होती है उससे बासी में विशेष स्वाद आ जाता है। बासी का विटामिन सुबह तक रिचार्ज कर देता है। सदियों से यह छत्तीसगढिया लोगों के लिए तरोताजा करने वाला खाद्य पदार्थ रहा है।

बोरे और बासी श्रम का प्रतीक है। कर्क रेखा के क्षेत्र में पडने वाले हमारे प्रदेश में कड़ी धूप में श्रम के लिए मेहनतकश लोगों को तैयार करने में बोरे–बासी से विशेष मदद मिलती है। गोंदली अर्थात प्याज के साथ बोरे बासी का स्वाद शरीर को ताजगी प्रदान करता है और डिहाइड्रेशन के खतरे को कोसों दूर रखता है। छत्तीसगढ़ में प्याज को लेकर मान्यता भी है कि इससे लू नहीं लगती। माताएं अपने बच्चों को घर से निकलते वक्त उनके जेब में प्याज रखा देती हैं। इस तरह गोंदली और बोरे बासी का संयोग लू से लडने की ताकत देता है।

बोरे बासी हमारी परंपरा में इतना रचा बसा है कि लोक परंपराओं में कितने ही गीत इसे लेकर बनाये गये हैं। इनमें से सबसे प्रसिद्ध गीत है अजब विटामिन भरे हुए हैं छत्तीसगढ़ के बासी में। जब ददरिया सुनते हैं तो एक गीत आता है कि बटकी म बासी अउ चुटकी म नून, मैं गात हंव ददरिया तैं कान देके सुन। बोरे बासी की लोकप्रियता से ही इस खाद्य पदार्थ को इतनी जगह लोकसंस्कृति में मिल पाई है। दरअसल हमारा खानपान न केवल हमारी रुचि से जुड़ा होता है अपितु हम भावनात्मक रूप से भी इससे गहराई से जुड़े रहते हैं। जब छत्तीसगढ़ के किसी किसान परिवार का बेटा शहर में बसता है तो भी उसकी जड़ें गाँव में बनी रहती हैं। उसकी सुबह बासी के साथ होती है और दोपहर का नाश्ता बोरे के रूप में। यह केवल फूड हैबिट नहीं है अपितु भावनात्मक लगाव है।

जब हम अपनी खानपान की परंपराओं को सहेजते हैं तो कहीं न कहीं हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजते हैं। किसी भी प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का बड़ी हिस्सा उसकी खानपान की परंपरा होती है। छत्तीसगढ़ में इसे सहेजने के लिए जो कदम उठाये गये हैं और जिस तरह से स्थानीय खानपान की परंपराओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उससे प्रदेश के ठोस सांस्कृतिक विकास की नींव पुख्ता हो गई है।

# मन को मन से जोड़ती आवाज मन की बात

**स्वच्छ भारत अभियान हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन, कोविड टीकाकरण हो या हर घर तिरंगा इसके कुछ उत्कृष्ट उदाहरण हैं। हाल ही में श्मन की बातश के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने अपने क्षेत्रों में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। श्मन की बातश कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने सफलतापूर्वक कल्याणकारी योजनाओं ...**

हितानंद शर्मा

संवाद कौशल में निपुणता अर्थात कब क्या कैसे किस बात को सीधे व्यक्ति के मन से जोडकर रखा जाये, ऐसी असाधारण प्रतिभा के धनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जब भी कोई विषय रखते हैं तो वह सीधे जन मानस के साथ संवाद– संबंध जुड जाता है। अद्भुत वक्तव्य कला के धनी होने के साथ– साथ व्यवहारिक पक्ष के आग्रही मोदी जी जब किसी विषय का प्रतिपादन राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर करते हैं तो सामान्य जन भी उसको स्वंय का विषय मानकर आत्मीयता के साथ स्वीकार कर लेता है। जितनी आत्मीयता व अपनत्व के साथ वह बोलते हैं, जिस कार्यपद्धति व निष्ठा के लिये वह जाने जाते हैं और गत आठ वर्षों से नागरिकों के साथ जो विश्वास आधारित संवाद के जो सीधे संबंध बनाए हैं, वे सभी गुण जन संचारक के रूप में उन्हें स्थापित करते हैं। मोदी जी के समावेशी व दूरदर्शी दृष्टिकोण को सम्पूर्ण भारतवर्ष में अभूतपूर्व स्वीकार्यता मिली है। यह प्रधानमंत्री जी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास रूपी माडल ही है जिससे वह दुनिया के जनप्रिय नेता बन गये हैं।

मन की बात के रूप में सतत संवाद कर एक नवाचार के जरिए मोदी जी ने रेडियो के माध्यम से लोगों के घरों में ही नही, मनों में जगह बना ली है। मोबाइल, सोशल मीडिया, इंस्ट्राग्राम, ट्विटर की दुनिया में दखल रखते हुये भी उससे पृथक जाकर रेडियों जैसे मृतप्राय हो रहे संचार माध्यम को न केवल जीवंत किया अपितु उसमें भी अभिनव प्रयोगो का समावेश कर नव कीर्तिमान रचे हैं। अक्टूबर 2014 में आरंभ किये गये मन की बात कार्यक्रम को जब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार के प्रातरू 11 बजे का समय तय किया गया तो विरोधियों ने अनेक प्रकार से नकारात्मक बातें कहते हुये हास्य का विषय बताया । किंतु शनै शनै यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी की मन की बात से सामान्य समाज की जन की बात बनता चला गया ।आगामी 30 अप्रेल को 100 वा एपीसोड पूर्ण कर विरोधियों की अनेक भ्रांतियों और भ्रम का शमन कर रहा है। एक राजनीतिक दल के नेता के साथ दृ साथ सरकार के प्रतिनिधि होने के बाद भी मन की बात में किसी भी राजनैतिक विषय को स्पर्श किये बिना सतत संवाद एक संगठन की सतत साधना से गढे गये साधक की प्रतिमा को स्थापित करता है।

स्वच्छता, शिक्षा,संस्कार और भारत के प्रत्येक भाग से जीवंत उदाहरणों का उल्लेख कर बड़ी बड़ी बातों को भी सहज सरल भाषा में जब वह समझाते हैं तो किसी भारतीय को अपने अभिभावक के रूप में, किसी युवा को अपने साथी के रूप में तो किसी छात्र को अपने शिक्षक के रुप में सुनाई पढते हैं।

मन की बात जब हम सुनते हैं तो हमें मोदी जी के दो व्यक्तित्व दिखाई देते हैं दृ एक और दृढ, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी तो दूसरी और नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि हम आंख बंद करके श्मन की बातय सुनते हैं, तो हमारे मन में दृश्य उभरता है कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं, लोगों से बातचीत कर रहे हैं, उनकी बातें सुन रहे हैं, उनके साथ संवाद कर रहे हैं, जहां आवश्यकता है वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की प्रशंसा कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने दुर्घटना पीडिघ्तों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किए थे। मोदी जी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया।

पत्राचार की पुरानी परंपरा को बढ़ावा देते हुये पत्रों की बात को अपने संवाद में सम्मिलित करके न केवल पोष्टकार्ड और अन्तर्देशीय पत्रों को पुनरू व्यवहार में लाना आरंभ हो गया है। जब किसी बालिका या किसी युवा के पत्र का उद्धरण देते हुये प्रध ाानमंत्री जी अपनी बात रखते हैं तो वह न केवल उस एक व्यक्ति का मनोबल बढाते हैं अपितु उस एक पीढी के प्रेरणास्त्रोत बन जाते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण बताये जा सकते हैं जिनमें जलवायु की विपरीत परिस्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बध ााई देना। मोदी जी की श्मन की बातय अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत का दर्शन कराती हैं और इसी वजह से श्मन की बातय का हर एपिसोड अत्यधिक लोकप्रिय होता है। मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्तूबर, 2014 को प्रसारित किया गया था और यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूर्ण करेगा। यह कार्यक्रम अपनी विषय वस्तु, इसकी डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीकों के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ विश्व के सबसे बड़े रेडियो नैटवर्क श्ऑल इंडिया रेडियोय के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल जनसंख्या तक पहुंचते हैं, उन्हें न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं, जिनका सम्पूर्ण विश्व समाज आज सामना कर रहा है।

भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती मन की बात का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओंध्बोलियों में करता है, जिसमें 11 विदेशी भाषाएं शामिल हैं, जिससे देश के सबसे दूर–दराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके। मन की बात भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टी. वी. चौनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है।

दूरदर्शन नैटवर्क के 34 चौनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टी.वी. चौनल इस अभिनव कार्यक्रम को देश भर में प्रसारित करते हैं, जो संचार के इस पारंपरिक माध्यम के प्रति एक नई रुचि और जागरूकता पैदा करते हैं। इतने व्यापक प्रभाव के साथ, मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा सकता है। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से व जन लोकप्रियता से ठोस आधार प्राप्त होता है।

श्मन की बातय के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड को सफल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, अपितु उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया के ट्रैंड बन जाते हैं और कुछ ही सप्ताहों में एक जन आंदोलन बन जाते हैं।




# मायर्स और मार्कस ने दिलाई लखनऊ को पंजाब पर शानदार जीत

काइल मायर्स और मार्कस स्टोइनिस की आक्रामक पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद पंजाब किंग्स को आईपीएल के मैच में 56 रन से हरा दिया। मायर्स ने पावरप्ले में बल्ले से आग उगलते हुए 24 गेंद में 54 रन बनाये जबकि स्टोइनिस ने 40 गेंद में 72 रन की पारी खेली जिसके दम पर लखनऊ ने पांच विकेट पर 257 रन बनाये।आयुष बडोनी ने 24 गेंद में 43 और निकोलस पूरन ने 19 गेंद में 45 रन बनाये। जवाब में पंजाब की टीम 19.5 ओवर में 201 रन पर आउट हो गई। अथर्व तायडे ने 36 गेंद में 66 रन बनाये जो आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक है।



लियाम लिविंगस्टोन (22 गेंद में 36 रन) और सिकंदर रजा (14 गेंद में 23 रन) हालांकि टिककर नहीं खेल सके। कप्तान शिखर धवन तीन मैचों के बाद लौटे लेकिन दो गेंद ही खेल पाये। युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने चार ओवर में 37 रन देकर चार विकेट लिये। लखनऊ की यह आठ मैचों में पांचवीं जीत थी जबकि पंजाब की आठ मैचों में चौथी हार रही। पंजाब का स्कोर एक समय 15 ओवर में चार विकेट पर 152 रन था लेकिन आखिरी पांच ओवर में 106 रन बनाकर लगभग असंभव था। इससे पहले धवन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जो गलत साबित हुआ। राहुल चाहर को छोड़कर उनके सभी छह गेंदबाजों ने दस रन प्रति ओवर से अधिक की औसत से रन दिये। फॉर्म में चल रहे अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 54 रन दे डाले। कैगिसो रबाडा ने चार ओवर में 52 रन दिये हालांकि उन्हें दो विकेट मिले। यह आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के नाम है जिसने 2013 में क्रिस गेल के 175 रन की मदद से 263 रन बनाये थे। बल्लेबाजों की ऐशगाह पिच पर सिर्फ लखनऊ के कप्तान केएल राहुल नहीं चल सके और नौ गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मैच की पहली गेंद पर गुरनूर बरार की गेंद पर उन्हें जीवनदान भी मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाये। मायर्स ने पहले ही ओवर में अर्शदीप को चार चौके लगाये। अपनी पारी में उन्होंने सात चौके और चार छक्के जहड़े। मायर्स के आउट होने के बाद स्टोइनिस और बडोनी ने 47 गेंद में 89 रन जोड़े। स्टोइनिस ने अपनी पारी में पांच छक्के और छह चौके लगाये।लखनऊ ने आखिरी छह ओवर में 73 रन बनाये। स्टोइनिस 13वें ओवर में आउट हो जाते लेकिन लांग आन पर कैच लपकने के प्रयास में लियाम लिविंगस्टोन ने सीमारेखा को छू दिया।

# पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला की जीवनी का न्यूयॉर्क में विमोचन

पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला की जीवनी का अमेरिका के न्यूयॉर्क में विमोचन किया गया है। वर्तमान में भारत की जी20 अध्यक्षता के मुख्य समन्वयक श्रृंगला (61) ने पिछले सप्ताह इस संबंध में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय–अमेरिकी और प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान उनकी जीवनी 'नॉट एन एक्सीडेंटल राइज' का विमोचन किया गया। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) की सहायक कंपनी 'जयपुर फुट यूएसए' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत केनेथ जस्टर और न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत रणधीर जायसवाल विशेष अतिथि थे।



'नॉट एन एक्सीडेंटल राइज' को सिक्किम विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपमाला रोका ने लिखा है। इससे पहले भारत में इसका विमोचन इस महीने की शुरुआत में दार्जिलिंग में हुआ था। श्रृंगला की यह जीवनी ''दृढ़ता, दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, कौशल और क्षमता के बल पर भारतीय विदेश सेवा में उनके सर्वोच्च पद तक पहुंचने'' का वर्णन करती है। यह जीवनी बताती है, ''उनका जीवन और कार्य उनकी विरासत, उनकी संस्कृति और उनके मूल्यों में दृढ़ता से निहित हैं।'' श्रृंगला ने कहा,''यह पुस्तक न केवल मेरे करियर, बल्कि मेरे अब तक के पूरे जीवन की अच्छी तरह से शोध करके दी गई स्पष्ट जानकारी पेश करती है।'' श्रृंगला ने याद किया कि कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर के देश को अपनी चपेट में लेने से ठीक पहले जब वह अप्रैल 2021 में सिक्किम गए थे तब वह पहली बार रोका से मिले थे। श्रृंगला ने कहा कि उस समय सिक्किम विश्वविद्यालय ने एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक भारत और अमेरिका के बीच लोगों के संबंधों के बारे में भी बताती है।

# विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया सिद्धार्थ नगर में आज संचारी रोगों के रोकथाम



हेतु विद्यालय के छात्र छात्राओं को साफ सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को हाथ की सफाई का तरीका बताया गया, संचारी रोग नियंत्रण हेतु शपथ ग्रहण कराया गया तथा छात्र–छात्राओं शिक्षक और कर्मचारियों ने जागरूकता रैली निकाली यह रैली विद्यालय से निकलकर सी एच सी जोगिया, जोगिया ग्रामसभा, प्राथमिक विद्यालय जोगिया, होते हुए जोगमाया मंदिर से पुनः विद्यालय पर वापस आई इस दौरान छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश स्लोगन लिखे तख्तियों के माध्यम से, नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया, इससे पूर्व विद्यालय में संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार द्विवेदी, लक्ष्मी सिंह, अरुण लाल श्रीवास्तव, श्यामसुंदर मल्ल, युगल किशोर, अंगद प्रसाद, लिपिक दिनेश धर द्विवेदी परिचारक दुर्गेश आदि सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। बृजेश द्विवेदी प्रधानाचार्य महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया सिद्धार्थनगर।

# इस्तीफा देना कोई बड़ी बात नहीं लेकिन मैं अपराधी नहीं हूं, यौन उत्पीड़न विवाद के बीच बोले बृजभूषण शरण सिंह

महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख भूषण शरण सिंह के खिलाफ शनिवार को शीर्ष पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगट और अन्य ने दिल्ली जंतर–मंतर पर अपना नया धरना जारी रखा। पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न और डराने–धमकाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ दूसरे दौर का विरोध शुरू कर दिया है। उन्होंने मांग की है कि बीजेपी सांसद को उनके सभी पदों से हटाया जाए। बृजभूषण सिंह ने आज कहा कि वह इस्तीफा देने को तैयार हैं लेकिन आरोपी के तौर पर नहीं। उन्होंने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं और उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी शनिवार सुबह धरना स्थल पर पहुंचीं और प्रदर्शनकारियों को अपना समर्थन दिया। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के कई नेता भी एथलीटों के समर्थन में सामने आए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी आज प्रदर्शनकारी पहलवानों से मिलने जाएंगे। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज कीं। डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करने वाली सात महिला पहलवानों की याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस और अन्य को नोटिस जारी किया था।



**पहलवानों ने 12 साल तक शिकायत नहीं की: डब्ल्यूएफआई प्रमुख**

बृजभूषण सिंह ने कहा ष्उन्होंने (पहलवानों) ने 12 साल तक किसी भी पुलिस स्टेशन, खेल मंत्रालय या महासंघ से शिकायत नहीं की। उनके विरोध से पहले, वे मेरी प्रशंसा करते थे, मुझे अपनी शादियों में आमंत्रित करते थे और मेरे साथ तस्वीरें लेते थे, मेरा आशीर्वाद लेते थे। अब मामला है डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृज भूषण सिंह ने कहा, मैं सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली पुलिस के साथ हूं और मैं उनके फैसले को स्वीकार करूंगा।

**डब्ल्यूएफआई प्रमुख का कहना है कि पहलवान रोज नई मांग लेकर आ रहे हैं**: डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण सिंह ने कहा, श्हर दिन वे (पहलवान) अपनी नई मांगों को लेकर आ रहे हैं। उन्होंने प्राथमिकी की मांग की, प्राथमिकी दर्ज की गई और अब वे कह रहे हैं कि मुझे जेल भेज दिया जाना चाहिए और सभी पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। मैं सांसद हूं क्योंकि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोग और विनेश फोगट की वजह से नहीं। केवल एक परिवार और अखाड़ा (विरोध कर रहे हैं) और हरियाणा के 90ः खिलाड़ी मेरे साथ हैं।

इस्तीफा कोई बड़ी बात नहीं लेकिन... : डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह ने एएनआई को बताया इस्तीफा कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन मैं अपराधी नहीं हूं। अगर मैं इस्तीफा देता हूं, तो इसका मतलब होगा कि मैंने उनके (पहलवानों) के आरोपों को स्वीकार कर लिया है। मेरा कार्यकाल लगभग समाप्त हो गया है। सरकार ने 3 सदस्यीय समिति बनाई है और चुनाव होंगे। 45 दिनों में आयोजित हुआ और चुनाव के बाद मेरा कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा, इस्तीफा देने को तैयार हूं, लेकिन आरोपी के तौर पर नहींः यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज किए जाने के एक दिन बाद, भाजपा सांसद ने दावा किया कि उन्हें अधिकांश पहलवानों का समर्थन प्राप्त है। मैं पद छोड़ने के लिए तैयार हूं लेकिन एक आरोपी के रूप में नहीं। मुझे सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है। मैं पूरी तरह से निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ कई आरोप लगाए गए हैं। मैं जांच एजेंसी के साथ सहयोग करूंगा। पहलवानों के बयान दिए गए हैं। मैं चाहता हूं कि जांच जल्द से जल्द हो। डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण सिंह का कहना है कि अभी तक एफआईआर की कॉपी नहीं मिली है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने एएनआई को बताया, ष्मुझे अभी तक एफआईआर कॉपी नहीं मिली है। एफआईआर कॉपी मिलने के बाद मैं बोलूंगा।ष

भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला पहलवानों से मिली शिकायतों पर कनॉट प्लेस थाने में दो प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं। उन्होंने कहा कि पहली प्राथमिकी एक नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है, जो यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के साथ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपमानजनक शील के संबंध में दर्ज किया गया है।अधिकारी ने कहा कि दूसरी प्राथमिकी व्यस्क शिकायतकर्ताओं द्वारा शील भंग करने से संबंधित संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत शिकायतों की व्यापक जांच करने के लिए दर्ज की गई है।

# मेहदावल में भाजपा प्रत्याशी अंजना पांडे का धुआंधार जनसंपर्क अभियान जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। भाजपा नगर पंचायत मेहदावल के अध्यक्ष



पद के प्रत्याशी अंजना पांडे का धुआंधार जनसंपर्क अभियान जारी है। वह भाजपा के मंडल अध्यक्ष और नगर के प्रत्याशियों के साथ घर–घर जाकर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं। और अपने समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव मैदान में कूद पड़े। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए गलियों और मोहल्लों में घूमकर वोट मांगे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर पांडेय भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में दिन–रात जनसंपर्क में जुटे हैं। धनघटा विधायक गणेश चौहान ने भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय पहुंचकर चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली। भाजपा महिला मोर्चा ने भी चुनाव प्रचार की कमान पूरी तरह संभाल ली है। महिला कार्यकत्री घर–घर जाकर महिलाओं से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रही हैं। विधायक अनिल त्रिपाठी ने भाजपा की नगर इकाई के पदाधिकारियों से संपर्क कर बूथ स्तर तक जुटने के निर्देश दिए। भाजपा प्रत्याशी ने पांडे ने कहा कि गई विकास की समस्याओं के समाधान का क्षेत्रीय लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सतत विकास सतत समाधान में भरोसा रखती है साथ ही हर समस्या का जरूर समाधान होगा।

# रूधौली से भाजपा प्रत्याशी संगीता के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## वक्ताओं ने गिनाई उपलब्धियां, कहा विकास के लिये भाजपा की जीत जरूरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। शनिवार को रूधौली नगर पंचायत से अध्यक्ष पद की



प्रत्याशी संगीता प्रताप जायसवाल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल ने संयुक्त रूप से भानपुर तिराहे पर किया। नेताद्वय ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुये कहा कि भाजपा विकास कार्यो में भेदभाव नहीं करती कहा कि रूधौली नगर पंचायत से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी संगीता प्रताप जायसवाल की जीत से त्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और क्षेत्र का समुचित विकास होगा। पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि मतदाता स्वयं समीक्षा करें कि पूर्व के कार्यकाल में नगर पंचायत स्तर पर कितना और किसका विकास हुआ। आवाहन किया के मतदाता नगर पंचायत रूधौली के समग्र विकास के लिये भाजपा के पक्ष में मतदान करें जिससे विकास की गति में तेजी आये। भाजपा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से डा. एन बी सिंह, ओम नाथ सोनी, ब्लॉक प्रमुख यशकान्त सिंह अभिषेक, अंकित सिंह राकेश शर्मा, राजू पाण्डेय, मनोज ठाकुर, राम जी जायसवाल, हिंदू महासभा अध्यक्ष अखिलेश सिंह, दुर्गेश सोनी, बलराम सिंह, राहुल, अतुल यादव, जेपी, महेश सिंह, राजेश सिंह चौधरी, पप्पू चौधरी, अंशु पंडित पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, अमर सोनी के साथ ही क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न





दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। जनपद के उद्योग एवं श्रम बंधुओं की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा गंभीर कलेक्ट्रेट के सभागार में डीएम ने उद्योग बंधुओं की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश जनपद के औद्योगिक विकास में और अधिक गतिशीलता लाने के उद्देश्य से सभी उद्यमियों की समस्याओं का अधिकारीगण करें तत्काल निस्तारण डीएम ने श्रम बंधुओं की बैठक की अध्यक्षता करते श्रमिकों की समस्यओं का गहनता के साथ किया अनुश्रवण श्रमिकों की समस्याओं का निस्तारण कराने के श्रम विभाग के अधिकारियों को दिये स्पष्ट निर्देश प्रद्रेश सरकार द्वारा श्रमिकों के हितार्थ चलायी जा रही योजनाओं का श्रमिकों को अधिकारीगण पहुचाये शत् प्रतिशत लाभःडीएम जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उद्योगों से जुड़े हुए सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद गौतम बुद्ध नगर के औद्योगिक विकास को लेकर निरंतर स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा आज कलेक्ट्रेट के सभागार में उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के संबंध में जो आवेदन पत्र निवेश मित्र पोर्टल पर उद्यमियों के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा उन पर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि जनपद में शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक उद्योगों का संचालन संभव हो सके। इस अवसर पर उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर अनवरत रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर स्तर पर विशेष प्रयास सुनिश्चित किए जाएं ताकि सभी उद्योग अनवरत रूप से संचालित हो सके। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से यह भी कहा कि उद्यमियों के सम्मुख विद्युत के संबंध में आने वाली समस्याओं का निराकरण तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित बैठक का सफल संचालन उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र अनिल कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में डीसीपी पुलिस राम बदन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, श्रम विभाग व संबंधित अधिकारियों के अलावा उद्यमी संगठन के प्रतिनिधियों एवं श्रम बंधुओं के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# 197 मतदान केंद्रो पर पांच लाख मतदाता देंगे वोट

देवरिया। नगर निकाय चुनाव में 197 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर पांच लाख के करीब मतदाता मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नगर निकाय जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में दो नगर पालिका व 15 नगर पंचायत सहित कुल 281 वार्ड, 197 मतदान केंद्र, 585 मतदान स्थल तथा 270221 पुरुष व 237382 महिला मतदाता सहित कुल 507603 मतदाता हैं। नगर पालिका परिषद गौरा बरहज में 25 वार्डों में 15 मतदान केंद्र व 49 मतदान स्थल बनाए गए हैं, जिसमें 22629 पुरुष व 20091 महिला मतदाता हैं। नगर पालिका परिषद देवरिया में 33 वार्डों 61 मतदान केंद्र व 189 मतदान स्थल बनाए गए हैं, जिसमें 100788 पुरुष तथा 86198 महिला मतदाता हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत रुद्रपुर में 16 वार्डों में छह मतदान के व 37 मतदान स्थल हैं, जिसमें 15979 पुरुष तथा 14492 महिला मतदाता हैं। गौरी बाजार में 11 वार्डों में तीन मतदान के एवं 12 मतदान स्थल हैं, जिसमें 5124 पुरुष तथा 4703 महिला मतदाता हैं। रामपुर कारखाना में 10 वार्डों के दो मतदान केंद्र व 10 मतदान स्थल हैं, जिसमें 4770 पुरुष तथा 4531 महिला मतदाता हैं। भाटपाररानी में 12 वार्डों के छह मतदान के व 22 मतदान स्थल हैं, जिसमें 7397 पुरुष तथा 6363 महिला मतदाता हैं। सलेमपुर में 13 वार्डों के सात मतदान के व 28 मतदान स्थल हैं, जिसमें 12218 पुरुष तथा 10644 महिला मतदाता हैं। भटनी में 12 वार्डों के सापेक्ष पांच मतदान केंद्र एवं 19 मतदान स्थल है, जिसमें 7449 पुरुष तथा 6327 महिला मतदाता हैं। मझौली राज में 13 वार्डों के आठ मतदान केंद्र व 25 मतदान स्थल हैं, जिसमें 9797 पुरुष तथा 8585 महिला मतदाता हैं। लार में 16 वार्डों के सापेक्ष 13 मतदान के व 38 मतदान स्थल हैं, जिसमें 14243 पुरुष तथा 13134 महिला मतदाता हैं। बरियारपुर में 13 वार्डों के नौ मतदान के व 17 मतदान स्थल हैं, जिसमें 7633 पुरुष तथा 6953 महिला मतदाता हैं। पथरदेवा में 14 वार्डों के नौ मतदान केंद्र व 22 मतदान स्थल हैं, जिसमें 9729 पुरुष तथा 8734 महिला मतदाता हैं। बैतालपुर में 15 वार्डों के 12 मतदान केंद्र व 22 मतदान स्थल हैं, जिसमें 10400 पुरुष तथा 9400 महिला मतदाता हैं। तरकुलवा में 15 वार्डो के 11 मतदान केंद्र एवं 24 मतदान स्थल हैं, जिसमें 10297 पुरुष तथा 8969 महिला मतदाता हैं। हेतिमपुर में 14 वार्डों के आठ मतदान केंद्र व 18 मतदान स्थल हैं, जिसमें 8951 पुरुष तथा 7667 महिला मतदाता हैं। मदनपुर में 15 वार्डों के 11 मतदान केंद्र व 28 मतदान स्थल हैं, जिसमें 12562 पुरुष तथा 11520 महिला मतदाता हैं। नगर पंचायत भलुअनी में 14 वार्डों के 11 मतदान केंद्र व 25 मतदान स्थल हैं, जिसमें 10255 पुरुष तथा 9071 महिला मतदाता हैं।

## मतदान पार्टी रवानगी व मतगणना स्थल परिसर अधिग्रहित हुआ

देवरिया। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदान पार्टी रवानगी स्थल एवं मतगणना स्थल व परिसर को अधिग्रहित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दो नगर पालिका और 15 नगर पंचायत में मतदान को लेकर दो से 13 मई तक के लिए मतदान पार्टी के रवानगी स्थल को चिह्नित कर अधिग्रहित कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि बाबा राघव दास बीडीपीजी कॉलेज गौरा बरहज, सतासी इंटर कॉलेज रुद्रपुर एवं बीएन इंटर कॉलेज मझौलीराज को मतदान पार्टी रवानगी स्थल तथा मतगणना स्थल के लिए अधिग्रहित किया गया है। दो से तीन मई तक के लिए राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया को मतदान पार्टी रवानगी स्थल के लिए अधिग्रहित किया गया है। उन्होंने कहा कि तीन से 13 मई तक के लिए महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज देवरिया एवं बाबा राघव दास कृषक इंटर कालेज भाटपाररानी को मतगणना स्थल के लिए अधिग्रहित किया गया है। उन्होंने कहा है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रबंधक, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार की ओर से अधिकृत अधिकारी व कर्मचारी को उनकी आवश्यकता के अनुसार कमरे व बरामदा उपलब्ध कराएंगे।

## पुल से नदी में छलांग लगाने जा रही युवती को बचाया

भागलपुर। पुल से दोपहर नदी में छलांग लगाने जा रही युवती को राहगीरों ने बचा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवती को चौकी लेकर आई, जहां युवती के परिजनों को बुलाकर उसे सौंप दिया गया। रुद्रपुर क्षेत्र की गोसाईं टोला गांव निवासी 18 साल की एक युवती बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रहती है। वहां युवती के पिता को नेवासा मिला है। एक भाई वहीं रहता है। युवती भाई के साथ रहकर बेल्थरा रोड में एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई करती है। किसी बात को लेकर भाभी से उसका झगड़ा हो गया। इससे वह नाराज होकर रुद्रपुर जाने की बात कह कर घर से निकली और बेल्थरा रोड से टेंपो पर बैठ कर भागलपुर पुल पर उतर गई। युवती के रोने के कारण टेंपो में बैठे लोग उसका इरादा समझ गए। युवती अपना बैग और चप्पल रेलिंग के पास रखकर नदी में छलांग लगाने जा रही थी कि राहगीरों ने दौड़कर पकड़ लिया। भागलपुर पुलिस चौकी पर इसकी सूचना दी गई। पुलिस उसे चौकी पर लाई और परिजनों को बुलाकर सौंप दिया। मईल थानाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि बलिया जिले की एक युवती नदी में कूदने जा रही थी। उसे समझा बुझाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## नकब काटकर बियर की दुकान से एक लाख की चोरी

देवरिया । बनकटा थाना अंतर्गत मझौलीराज– मैरवा मार्ग पर अकटही चौराहे के पास मुख्य बाजार में एक बियर की लाइसेंसी दुकान है। दुकान में बृहस्पतिवार रात नकब काटकर चोर दुकान से बियर व नकद सहित 103275 रुपये का सामान उठा ले गए। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है। अकटही बाजार में चौराहे के पास मनीष कुमार यादव निवासी छपिया मिश्र थाना खामपार की लाइसेंसी बियर की दुकान है। दुकान पर उपेंद्र यादव निवासी हरपुर थाना बनकटा सेल्समैन का काम करता है। वह प्रति की भांति बृहस्पतिवार की रात्रि दुकान बंद कर घर चला गया। रात में चोर दुकान के पीछे नकब काटकर अंदर घुस गए और दुकान में रखे 8 पेटी बियर, जिसकी कीमत 23 हजार तथा काउंटर में रखे नकद रुपये उठा ले गए। सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो घटना की जानकारी मनीष कुमार यादव को फोन पर दी। मनीष ने पहुंच कर घटना की पुलिस को सूचना दी। बनकटा पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच–पड़ताल में जुट गई। बाद में मनीष ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। थानाध्यक्ष बनकटा मुकेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

## दहेज हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास

महराजगंज। अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने दहेज हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी राजपाल सहानी निवासी बंदी बेलासपुर थाना कोठीभार को दोषी करार दिया। राजपाल को आजीवन कारावास की सजा के साथ ही 10,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने बताया कि अभियोजन केस के अनुसार चन्द्रिका ग्राम सौरहां खुर्द (दुबरहा) पोस्ट पकरियार बाजार, थाना नेबुआ नौरंगिया जिला कुशीनगर ने अपनी बेटी अंजनी की शादी आठ जून 2017 को ग्राम बन्दी बेलासपुर में राजपाल साहनी के साथ किया था, जो थाना कोठीभार जनपद महराजगंज का स्थायी निवासी है। शादी के दो साल के बाद अंजनी की मौत हो गई। थाने में मामला दर्ज होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह सजा सुनाई है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन घायल

फरेंदा। बृजमनगंज मार्ग पर समय माता स्थान के पास दिन में चार बजे के करीब अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया। जहां से तीनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के जितेंद्र अपने साथ सुनीता (32) व हिमांशु (11) व विकास (9) के साथ बाइक से लेहड़ा मंदिर की तरफ गए थे। लौटते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले जाया गया। बृजनगंज थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के मामले में जेल में बंद प्रधानाध्यापक निलंबित

महराजगंज। धानी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय परगापुर में तैनात प्रधानाध्यापक जनार्दन प्रसाद को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने निलंबित कर दिया। बीएसए ने यह कार्रवाई पुलिस की ओर से उपलब्ध कराई गई सूचना की जांच के बाद की है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि संतकबीर नगर पुलिस की ओर से कार्यालय को दी गई जानकारी के मुताबिक धनघटा थाना के बारीडीहां निवासी व प्राथमिक विद्यालय परगापुर में तैनात प्रधानाध्यापक जनार्दन प्रसाद व उनके विपक्षियों के बीच 12 दिसंबर को मारपीट हुई थी। मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास के साथ–साथ एससी–एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। दूसरे पक्ष के गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसमें पुलिस ने धारा बढ़ाते हुए नौ अप्रैल को शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया व विभागीय कार्रवाई के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा। मामले की जांच कराने व मामले को सही पाए जाने पर शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

## कहीं मतदान प्रतिशत पर असर न डाल दें शादियां

फरेंदा। नगर पंचायत के अध्यक्ष व सभासद के लिए चार मई को मतदान होगा। चार मई को ही अधिकांश शादियों का शुभ मुहूर्त होने के कारण चुनाव प्रतिशत पर असर न पड़े। इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। लोगों को शादी के साथ वोटिंग के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। चार मई को शादी का शुभ मुहूर्त होने के कारण हजारों लोग शादी कार्यक्रम में शामिल होंगे या शामिल होने के लिए दूर–दराज जाएंगे। दूसरी ओर प्रत्याशियों व उनके संबंधियों के घरों में भी शादी कार्यक्रम है। प्रत्याशी समय निकालकर प्रचार की भी पूरी तैयारी कर रहे हैं, पर उनकी प्राथमिकता मतदान करना और अधिक से अधिक कराना भी है। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन भी राजनीतिक दलों व गणमान्य नागरिकों के साथ बातचीत कर लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपील कर रहा है। शादियों के कारण मतदान प्रतिशत में कमी न आए, इस पर भी प्रत्याशियों के साथ प्रशासन की नजर बनी हुई है। तीन वर्षों के बाद इतनी तेज लग्न होने के कारण शहर के सभी मैरिज हॉल भी बुक हैं। इसी रात स्वाति नक्षत्र शुरू हो जाएगा। यह विवाह के लिए शुभ मुहूर्त माना जाता है। इस कारण इस दिन अधिक शादियां हैं। पिछले नगर निकाय चुनाव में मतदान का प्रतिशत ठीक रहा। उसी को कायम रखने के लिए लगातार जागरूक भी किया जा रहा है। वहीं, अधिकांश लोग कहते हैं कि शादी के साथ मतदान बेहद जरूरी है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि मतदान जरूर करें। शादी का समय होने के कारण अधिकांश परिवार शादी कार्यक्रम में व्यस्त हो जाने के कारण मतदान की गणित पर असर न पड़े इसका विशेष ध्यान देना होगा।

## विद्यालय को निपुण बनाने के लिए करें 10 प्वाइंट टूलकिट का प्रयोग

दैनिक बुद्ध का संदेश
उसका बाजार,सिद्धार्थनगर।



ब्लॉक संसाधन केंद्र उसका बाजार पर अप्रैल माह का मासिक समीक्षा बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी उसका बाजार महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुआ जिसमें उसका बाजार के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा कम्पोजिट विद्यालय के समस्त प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने प्रतिभाग किया।

बी.ई.ओ. ने सर्वप्रथम निपुण भारत मानिटरिंग सेंटर से प्राप्त डेटा को सभी के समक्ष रखा तथा कहा कि हमें अपने विद्यालयों में और बेहतर कार्य करते हुए पठन पाठन का बेहतर माहौल बनाना है,नामांकन पर ध्यान देते हुए अधिकाधिक नामांकन करना है सभी प्रधानाध्यापकों से कहा कि अवशेष छात्र–छात्राओं का आधार शीघ्रता से बनवाएं, डीबीटी पोर्टल पर आधार नाट वेरीफाइड का कार्य अपनी देखरेख में तत्काल पूर्ण करते हुए पोर्टल पर पेंडिंग कॉलम को शून्य करें, अनसीडेड खातों को सीडेड करें, सस्पेक्टेड डाटा का परीक्षण करते हुए सही डाटा को वेरीफाई करें तथा गलत डाटा को डिलीट करने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी को अग्रेषित करें।बैठक में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (हिन्दी) गुलाम जिलानी ने विद्यालय निपुण बनाने के लिए सभी को 10 प्वाइंट टूलकिट का प्रयोग करने के प्रेरित किया जिसमें बताया कि सभी शैक्षिक स्टाफ प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशक टीम भावना से एक दूसरे का सहयोग करते हुए कार्य करें,शिक्षकों के बीच कक्षा विभाजन व कार्य आवंटन अवश्य किया गया हो, समुदाय से सहयोग प्राप्त किया जाए, शिक्षक अभिभावक तथा विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक नियमित हो, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिकानुसार पढ़ाई हो, सभी शिक्षक दीक्षा पर प्रशिक्षण अवश्य पूर्ण करें, दीक्षा पर क्यूआर कोड स्कैन कर शिक्षण में सीखने सिखाने की प्रक्रिया को और बेहतर करें, निपुण लक्ष्य ऐप पर छात्रों का असेसमेंट करते हुए ग्रुप का निर्माण करें और लक्षित दक्षता प्राप्त न करने वाले छात्र छात्राओं को उपचारात्मक शिक्षा दें।

एआरपी राघवेन्द्र कुमार तिवारी ने हिन्दी और गणित शिक्षण के अतिरिक्त समय सारणी अनुसार अन्य विषयों की पढ़ाई के बारे में चर्चा किया। एआरपी सुभाषचन्द्र ने निपुण तालिका भरने के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में अजीजुर्रहमान, बालजीत कुमार, शिवाकांत दूबे, गुलाब चंद, जरीना बेगम शाह, सावित्री पाण्डेय, दीपिका, रंजना वर्मा, सीमा श्रीवास्तव, शिवपाल सिंह, संजय आनन्द सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।




## कंपोजिट विद्यालय में पांच शिक्षिका मिलीं अनुपस्थित

रामपुर कारखाना। डायट परिसर स्थित कंपोजिट विद्यालय में डायट प्राचार्य अनिल कुमार के निरीक्षण में पोल खुल गई। प्राचार्य ने परिसर स्थित कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। प्राचार्य ने पांच अध्यापिका को अनुपस्थित पाया। जांच के दौरान पता चला कि इंदु तिवारी प्रधानाध्यापक तथा सहायक अध्यापक सरोजनी देवी सीएल पर थीं। जबकि पूर्णिमा मिश्रा, निधि कुशवाहा एवं पूनम तिवारी सहायक अध्यापक प्रसूता अवकाश पर थीं। उपस्थित शिक्षकों द्वारा दीक्षा एप का प्रयोग करते सबसे कम पाया गया। शिक्षकों की अभिरुचि नहीं दिखी। यही नहीं मध्याह्न भोजन खिलाने की व्यवस्था खराब थी। कुछ बच्चे खड़े होकर तो कुछ इधर–उधर घूम कर के दीवाल पर रखकर भोजन कर रहे थे। पेयजल की व्यवस्था भी खराब मिली। रसोई कक्ष में भी साफ–सफाई, समान के रखरखाव की व्यवस्था ठीक नहीं मिली। निपुण भारत की प्रगति भी खराब मिली। जिन अध्यापकों को निपुण भारत की जिम्मेदारी दी गई है, उसमें अनिरुद्ध यादव, अजीत कुमार, प्रतिमा यादव तथा नित्यानंद द्विवेदी अभी भी बीएलओ के कार्य पर पाए गए। डायट प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि जांच के दौरान खामियां पाई गई हैं। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई है।

## शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक किया दुष्कर्म


निचलौल। चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की किशोरी को शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में किशोरी की मां ने निचलौल क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। चौक थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी बेटी नाबालिग है। बेटी को दूसरे गांव के एक युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आठ जनवरी 2023 को स्कूल गई बेटी को युवक बहला–फुसलाकर भगा ले गया। इसकी शिकायत चौक पुलिस को दी तो पुलिस ने बेटी और युवक को 10 जनवरी को पकड़ लिया। आरोप है कि पुलिस ने एक महीने तक आरोपी युवक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। बल्कि, मामले में सुलह–समझौता कराकर क्षेत्र के एक मंदिर पर 15 फरवरी को युवक के साथ बेटी की शादी करा दी। शादी के बाद बेटी युवक के घर पहुंची तो युवक के परिजनों ने बेटी को मारपीट कर तीसरे दिन घर से निकाल दिया। इसकी शिकायत चौक पुलिस से कई बार की, लेकिन पुलिस उनकी परेशानी को सुनना मुनासिब नहीं समझ रही है। क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो चौक पुलिस से मामले की जानकारी लेकर दोषी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

## मेहदावल में सपा प्रत्याशी का धुआंधार जनसंपर्क अभियान जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश
संतकबीरनगर। सपा नगर पंचायत मेहदावल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी,

- **मेहदावल नगर पंचायत में सपा प्रत्याशी लक्ष्मी निषाद को मिला अपार जनसमर्थन**
- **मेहदावल की जनता इस बार सपा को देगी आशीर्वाद रमेश निषाद**

लक्ष्मी पत्नी रमेश निषाद का धुआंधार जनसंपर्क अभियान जारी है। नगर के प्रत्याशियों के साथ घर–घर जाकर मतदाताओं से सपा के पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं। और अपने समर्थकों के साथ सपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव मैदान में कूद पड़े। वरिष्ठ नेताओं ने सपा प्रत्याशियों के लिए गलियों और मोहल्लों में घूमकर




वोट मांगे। सपा के कार्यकर्ताओं द्वारा हर गली हर मोहल्ले में पहुंचकर सपा के प्रत्याशी लक्ष्मी पत्नी रमेश निषाद के पक्ष में कार्यकर्ताओं ने मांगा वोट सपा प्रत्याशी हर गली हर मोहल्ले में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिए हैं तो ही बुजुर्ग महिलाएं भी सपा के पक्ष में चल रही हैं हिंदू मुस्लिम सभी लोग सपा के प्रत्याशी लक्ष्मी पत्नी रमेश निषाद को अपना अध्यक्ष मान चुके हैं मेहदावल नगर पंचायत में पहली बार होगा सपा का अध्यक्ष जनता के आशीर्वाद से यह काम होगा पूर्ण रमेश निषाद।

## चुनाव को निष्पक्ष पारदर्शी एवं सुगमता पूर्वक सम्पन्न कराये अधिकारी:मंण्डलायुक्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में मंण्डलायुक्त विन्ध्याचंल मण्डल मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण ढंग एवं निष्पक्षता से संपन्न कराने हेतु समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट तथा समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मंण्डलायुक्त ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2023 को सम्पन्न कराने हेतु की तैयारियों के सम्बन्ध में बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान मंण्डला आयुक्त ने आर0ओ0 ए0आर0ओ0 सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट के नियुक्ति एंव प्रशिक्षण यातयात, ईधन, रूट चार्ट सम्बन्धित तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली उन्होने कहा कि अति संवेदनशील बुथों की निगरानी सी0सी0टी0वी0 कैमरे के माध्यम से करायी जाये एवं नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न



कराने हेतु जिन भी अधिकारियो को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है वह निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप उसे सम्पन्न करायेगें। उन्होने कहा कि मतदान एंव मतगणना के दिन निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन ड्यिूटी में लगे अधिकारीध् कर्मचारी किसी भी व्यक्ति द्वारा दिये गये भोजन एवं जलपान की व्यवस्था को स्वीकार नहीं करेगें प्रशासन द्वारा जो भी व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी उसी का पालन करेगें, इस दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जनपद में नगरीय निकाय निर्वाचन की गयी तैयारियों के सम्बन्ध मे जानकारी दी और कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारिया कर ली गयी है, बैठक के दौरान मंण्डलायुक्त महोदय ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में भी अपर पुलिस अधीक्षक से जानकारी प्राप्त की और कहा कि उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी अपने–अपने तहसील क्षेत्रों में भ्रमण शील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करायेगें मतदान के दिन किसी भी मतदाता को मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसका भी विशेष ध्यान दिया जाये, मतगणना के दिन भी सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर तरीके से रखी जाये। इस दौरान मंण्डलायुक्त ने जनपद में निर्वाचन से सम्बन्धित की गयी तैयारियों पर संतुष्टि व्यक्त की। बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी नामामि गंगे आशूतोष दूबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भानू प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारिगण उपस्थित रहे।

## मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

### मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर व्यक्त की नाराजगी, तेजी लाने के दिये निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने रौप में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज परिसर में सड़क निर्माण, भवन निर्माण व विभिन्न संकायों के भवनों के निर्माण कार्यों के प्रगति को देखा और निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधि से कराये जा रहे निर्माण कार्यों के प्रगति के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की, यह तथ्य संज्ञान में आया कि मेडिकल कालेज की सड़क व भवन के



निर्माण कार्य की प्रगति धीमी है, कान्ट्रैक्टर द्वारा मानक से काफी कम संख्या में मेडिकल कालेज के निर्माण में मिस्त्री, लेबर, पेन्टर आदि को लगाया गया है, जिससे कि मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना है, इसमें शिथिलता व लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्राचार किया जायेगा, उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज के निर्माण में निर्धारित मानक के अनुरूप लेबर, मिस्त्री, कारपेन्टर आदि को लगाया जाये। मेडिकल कालेज के निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि भारी मात्रा में बोल्डर, पत्थर रखे हुये हैं, जिससे कि निर्माण कार्य में समस्या आ रही है, और खनन विभाग द्वारा पत्थरों की नीलामी के बाद भी अभी तक उक्त पत्थरों को हटाया नहीं गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उक्त मामले में ज्येष्ठ खान अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाये, शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये और कार्य करने के बजाय मजदूर कम होने का बहानेबाजी न किया जाये अन्यथा की दशा में शासन स्तर पर पत्राचार कर कड़ी कार्यवाही कर दी जायेगी। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धितों द्वारा बताया गया मेडिकल कालेज के एकेडमी, ट्रेनिंग हाल,मेडीसीन लैब, इलेक्ट्रीक कक्ष, बायो कमेस्ट्री लैब, लेक्चर थियेटर, गर्ल्स हास्टल, शौचालय आदि व लगाये जा रहे टाईल्स को 15 दिनों में पूर्ण कर लिया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी ने 15 दिनों के बाद दोबारा निरीक्षण कर जायजा लेने को कहा और कार्य पूर्ण न होने पर एफ0आई0आर0 दर्ज करने की चेतावनी भी सम्बन्धित को दिया गया। उन्होंने कहा निर्माणाधीन कार्य को पूरा करने में मजदूरों की संख्या को बढ़ाया जाये, कार्य को पूर्ण करने में शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये।

## मंण्डलायुक्त ने पेयजल की समस्या को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। मण्डलायुक्त ने जनपद में पेयजल की समस्या के



निराकरण हेतु किये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में सिंचाई विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की, बैठक के दौरान मंण्डलायुक्त महोदय ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि पेय जल की समस्या जन मानस को न हो इसके लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध पेयजल परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सिंचाई विभाग की परियोजनाओं से सम्बन्धित जो भी समस्याये हो उसका प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें और सिंचाई से सम्बन्धित जो भी परियोजनायें निर्माणाधीन है उसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान मंण्डलायुक्त ने अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु ए0आर0टी0ओ0, पुलिस विभाग व खनन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर भ्रमण शील रहते हुए अवैध परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को निर्देशित किये। इस दौरान बैठक में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित उपस्थित रहे।

## रिचार्ज पीट की निर्माण में लापरवाही पर 38 सचिव का जवाब तलब

### 38 सचिवों का रोका गया वेतन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद में बनाए जाने हैं 2,000 से अधिक डीप बोर वेल रिचार्ज पीट अभी तक 889 रिचार्ज पीट के निर्माण का कार्य पूर्ण जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने सोनभद्र में पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए भूगर्भ जल स्तर को रिचार्ज करने के लिए ग्राम पंचायतों में खराबध्भ्रष्ट हैंडपंप के बोर का प्रयोग करते हुए डीप बोरवेल रिचार्ज पीट के निर्माण की मुहिम शुरू की गई। जिसके तहत जनपद में अभी तक 889 डीप बोरवेल रिचार्ज पीट का निर्माण ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं सचिवों को निर्देशित किया गया था कि सभी ग्राम पंचायतों में जो बोर खराब हो गए हैं उनमें रिचार्ज पीट का निर्माण कराकर बरसात का पानी अधिक से अधिक जमीन के नीचे भेज कर भूगर्भ जल को रिचार्ज किया जाना है। इस अभियान जनपद में 889 निर्माण पूर्ण हो गया है। विकासखंड घोरावल में 276 लक्ष्य के सापेक्ष 141 रिचार्ज पीट का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है, जो 51.09: है। इस विकास खंड के सचिव नरेश सिंह की प्रगति प्रतिशत 25: है, हेमंत शुक्ला 36:, संजू लता 46:, संजय सिंह प्रथम 50: एवं विपिन सिंह 50: की प्रगति कर पाए हैं। विकास खंड बभनी 102 लक्ष्य के सापेक्ष 45 रिचार्ज पीट का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। विकासखंड की प्रगति विकास खंड में सचिव रवि प्रकाश गौतम केवल 3 रिचार्ज पूर्ण कराया गया है जो 15: है। सचिव राम दर्शन के निर्माण कार्य की प्रगति प्रतिशत 38.79 है। विकास खंड नगवा में 116 लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 33 रिचार्ज पीट पूर्ण हुए हैं। इसमें सचिव सतीश कुमार यादव, जंक्शन कुजूर, सुनील कुमार गुप्ता एवं सुजीत कुमार का प्रगति प्रतिशत विकास खंड स्तर से कम है और इनका कार्य अत्यंत धीमा है। इसी प्रकार विकास खंड दुद्धी में 115 के लक्ष्य के सापेक्ष 49 रिचार्ज पीट का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। विकास खंड के सचिव विजय बहादुर, अहिर राकेश कुमार, अरशद खान एवं अरुण कुमार वर्मा की प्रगति विकास खंड के प्रतिशत से कम पाई गई। विकास खंड चोपन में 193 के लक्ष्य के सपेक्ष्य 123 पीट का निर्माण का कार्य पूर्ण पाया गया। विकास खण्ड में सचिव प्रतिभा द्विवेदी, राहुल सिंह एवं सुरेश कुमार की प्रगति विकास खंड के प्रतिशत से कम पाई गई। विकास खंड रावटसगंज में 264 निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष 139 पूर्ण हुआ है।विकास खंड में सचिव पार्थ राज सिंह, मनोज कुमार दुबे, राकेश द्विवेदी, संगीता राय एवं प्रवीण कुमार की प्रगति विकास खंड के प्रगति से कम पाई गई। विकास खंड चतरा 152 लक्ष्य के सापेक्ष 57 रिचार्ज पीट का निर्माण पूर्ण पाए गए। विकास खंड में सचिव राजेश कुमार एवं कुमार राजेश की प्रगति अत्यंत खराब पाई गई। इसी प्रकार विकासखंड म्योरपुर में 260 लक्ष्य के सापेक्ष 141 का निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया। विकास खंड में सचिव संतोष कुमार राव, अखिलेश दुबे, रामवृक्ष विश्वकर्मा, योगेंद्र प्रताप सिंह एवं निर्भय सिंह की प्रगति अत्यंत खराब पाई गई। विकास खंड कोन में 132 रिचार्ज पीट निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष 91 रिचार्ज पीट का निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया। विकास खंड की जितेंद्र कुमार, गुड्डू गुप्ता, वीरेंद्र प्रताप, की प्रगति अत्यंत खराब पाई गई। विकास खण्ड करमा को 188 रिचार्ज पीट का निर्माण कराया जाना था अभितक 91 का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है विकास खण्ड में सचिव स्मिता यादव, कांति देवी, छोटेलाल यादव, दीपक कुमार की प्रगति अत्यंत खराब पाई गई। जिला पंचायत अधिकारी विशाल सिंह ने इन सभी सचिवों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी किया है एवं निर्देशित किया गया है कि रिचार्ज पीट का निर्माण एक महत्वपूर्ण एवं समय बद्ध अभियान है। बरसात से पूर्व सभी रिपीट को पूर्ण किया जाना है इसके बावजूद सचिवों द्वारा निर्माण में लापरवाही बरती गई सभी रिचार्ज पीट को 1 सप्ताह में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया और स्पष्टीकरण तलब किया गया। सभी सचिव और एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया की अगर 1 सप्ताह में कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो और कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

**बुद्ध का संदेश**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## पैर छूकर आशीर्वाद ले रहे है प्रत्याशी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव 2023 में सिंबल मिल जाने के बाद प्रत्याशियों ने प्रचार में अब पूरी ताकत झोंक दिए है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों का प्रचार वाहन एवम वार्ड सदस्य प्रत्याशियों की टोली घर घर दस्तक दे रही है। सन 2009 में अस्तित्व में आए नगर पंचायत उसका बाजार में यह तीसरा निकाय चुनाव है। वर्ष 2012 में यहां पहली बार चुनाव हुआ था। ग्राम पंचायत के मतदाताओं को पहली बार शहरी मतदाता के रूप में मतदान का अवसर मिला था। उसका में वर्ष 2012 और 2017 का निकाय चुनाव काफी हो हल्ला और रोचकता से परिपूर्ण था। इस बार के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की संख्या इकाई में है। प्रमुख राजनैतिक पार्टियों भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस के अलावा तीन अन्य प्रत्याशी है। नगर निकाय उसका बाजार इस बार अन्य पिछड़ी जाति महिला के लिए आरक्षित है। इन सात प्रत्याशियों में सपा की प्रत्याशी पुनीता यादव निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष है। भाजपा की प्रत्याशी मंजू जायसवाल के पति हेमंत जायसवाल पूर्व में नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके है। भाजपा ने लगातार दुसरी बार मंजू जायसवाल पर दाव लगाया है। प्रत्याशी के पति, प्रतिनिधि और समर्थक बैनर, स्टीकर के साथ घर घर मतदाताओं के यहां दस्तक दे रहे है। पैर छूकर आशीर्वाद ले रहे है। वर्तमान में नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है। सभी वार्डो में प्रत्याशी सुबह शाम मतदाताओं की परिक्रमा कर रहे है। प्रचार वाहन पर वादों और इरादों की रिकार्डिंग चल रहा है। मतदाताओं का महत्व इस समय बढ़ गया है। सभी प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने का हर संभव प्रयास कर रहे है।

## अचल प्रशिक्षण केन्द्र के मरम्मत कार्य का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने लोढ़ी में स्थापित



पूराने अचल प्रशिक्षण केन्द्र के मरम्मत कार्य का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान निरीक्षण में पाया गया कि मरम्मत कार्य में इस्तेमाल हो रहे बालू की गुणवत्ता बेहतर नहीं पायी गयी, परिसर में बिछाई गयी इण्टरलाकिंग ईंट की क्वालिटी खराब पायी गयी, जिलाधिकारी ने एक इण्टरलाकिंग ईंट की गुणवत्ता को देखने हेतु जैसे ही इण्टरलाकिंग ईंट को उठाकर नीचे गिराये उसके दो टूकड़े हो गये, इसी प्रकार से मरम्मत कार्य में लगायी जा रही टाईल्स की गुणवत्ता काफी खराब पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किये कि ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगायी जाये और निर्माण कार्यों के गुणवत्ता की जॉच की जायें।

## नाबालिग बालिका का रोका गया बालविवाह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। थाना शाहगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दुगौलिया, जनपद सोनभद्र से सूचना प्राप्त हुयी कि एक नाबालिग बालिका का बाल



विवाह कराया जा रहा है, जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना ए०एच०टी०यू से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव, मुख्य आरक्षी धनन्जय यादव, आरक्षी अमन द्विवेदी व महिला आरक्षी शालिनी वैश्य व जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से शेषमणि दुबे, साधना मिश्रा की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल थाना शाहगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दुगौलिया पहुंच कर नाबालिग बालिका के माता–पिता से पूछ ताछ की गई तो बताया की बालिका की शादी 03.05.2023 होनी थी। बालिका प्रथम दृष्टया नाबालिक प्रतीत हो रही थी। बालिका के अभिभावकों से बालिका के उम्र के संबंध में साक्ष्य मांगा गया, जिसमे बालिका की उम्र 16 वर्ष थी। टीम द्वारा बालिका के माता–पिता, व अन्य उपस्थित लोगों को बताया गया कि बाल विवाह एक कानूनन अपराध है, बाल विवाह से होने वाले हानियों के बारे में भी बताया गया। टीम द्वारा बालिका को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए बाल कल्याण समिति सोनभद्र के समझ प्रस्तुत करने हेतु ले जाया गया। टीम द्वारा मौके पर उपस्थित अन्य लोगों से आग्रह करते हुये कहा गया कि बालिका की उम्र 18 वर्ष व बालक की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह कराएं। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल सम्बंधित थाने, ब्लाक, वन स्टाप सेन्टर, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति सोनभद्र टोल फ्री नम्बर 1098 या थाना एएचटीयू के मोबाइल नंबर–9454404294 व जिला बाल संरक्षण इकाई के मोबाइल नंबर–9506918569, 8318953732 पर सूचित करें सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रहेगा।

# डिप्रेशन के इन लक्षणों की पहचान कर बचा सकते हैं कई जिंदगियां, ऐसे करें अपने करीबियों की मदद

बीते कुछ समय से हमें कुछ ऐसी खबरें सुनने को मिल रही हैं। जिन बार एक बार में तो यकीन करना मुश्किल हो जाता है। जैसे हाल ही में भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे ने आत्महत्या कर ली। कई बार लोग डिप्रेशन या तनाव की वजह से अपनी जान दे रहे हैं। न सिर्फ आकांक्ष दुबे बल्कि उनसे पहले भी कई जाने–माने कलाकारों ने मौत को गले लगाकर लोगों को हैरान कर दिया। लेकिन ऐसा क्या कारण होता है, जिसके कारण लोग सुसाइड जैसा बढ़ा कदम उठा लेते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसी ही वजहों के बारे में, जो व्यक्ति को सुसाइड जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर कर देती हैं।

सुसाइड के कारणः दुनियाभर में बीते कुछ समय से खुदकुशी एक चिंता का विषय बना हुआ है। लगभग हर वर्ग के लोग अपनी जिंदगी से हताश होकर जान दे रहे हैं। आमतौर पर सुसाइड का मुख्य कारण डिप्रेशन माना गया है। लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि इसकी कोई एक वजह हो। कई अन्य कारणों से भी परेशान लोग आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। आत्महत्या के पीछे कुछ प्रमुख कारण हैं। आइए जानते हैं इन कारणों के बारे में...



तनाव डिप्रेशन एंग्जायटी अकेलापन साइकैट्रिक डिसऑर्डर

तनावग्रस्त व्यक्ति की ऐसे करें पहचान

अकेले रहना चिड़चिड़ापन मूड्स स्विंग नींद नहीं आना नर्वस होना स्वयं को अयोग्य या दोषी मानना जीवन से अरूचि हो जाना वजन में उतार चढ़ाव किसी भी काम में मन नहीं लगना दिन भर और खासकर सुबह के समय उदासी लोगों से मिलने से कतराना बारदृबार मृत्यु या आत्महत्या के विचार आना

ऐसे करें इन लोगों की मददः अगर आप भी अपने आसपास किसी व्यक्ति में इस तरह के लक्षण देख रहे हैं। तो हो सकता है कि वह व्यक्ति डिप्रेशन से गुजर रहा हो और तनाव फील कर रहा हो। ऐसी स्थिति में आप उनकी मदद कर सकते हैं। डिप्रेशन से गुजर रहे व्यक्ति के लिए बेहतर होगा कि आप उनकी बातों को सुनें। बता दें कि जो व्यक्ति डिप्रेशन से गुजर रहा होता है, वह कोई समाधान या जवाब नहीं चाहता है। ऐसा व्यक्ति किसी ऐसे सुरक्षित स्थान को चाहता है। जहां पर वह अपनी चिंताओं और भय को खुलकर व्यक्त कर सके। जहां पर लोग उसकी बात को सुनें। नीचे बताए गए तरीकों से आप भी अवसादग्रस्त व्यक्ति की मदद कर सकते हैं। ऐसे में व्यक्ति की बातों को आपको बेहद ध्यान से सुनना चाहिए। बातों को सुनने के अलावा वह जो बता रहे हैं, उसके पीछे उनकी फीलिंग्स को समझने का प्रयास करें। तनाव से गुजर रहे व्यक्ति की मदद करने के लिए जरूरी है कि आप उनकी चीजों को उनके दृष्टिकोण से देखें।

विश्वासपात्र व्यक्ति

निराश और हताश व्यक्ति की बातें सुनने के बाद उनकी भावनाओं का सम्मान करें। डिप्रेशन से गुजर रहा व्यक्ति चाहता है कि उनके द्वारा कही गई बातों को गुप्त रखा जाए। साथ ही उनकी बातें सुनने के दौरान उन पर हावी होने का प्रयास न करें।

बात को सुनेंः डिप्रेशन से गुजर रहा व्यक्ति अपने जीवन से निराश व हताश हो जाता है। ऐसे में उसे एक ऐसे विश्वासपात्र व्यक्ति की तलाश होती है, जो उसकी बातों को ध्यान से सुनें। कोई ऐसा व्यक्ति को जो बिना किसी राय, निर्णय या सलाह के तनाव से जूझ रहे व्यक्ति की बातों को सुनें।

ध्यान और ख्याल रखने वाला व्यक्तिः तनावग्रस्त व्यक्ति अपने आसपास किसी ऐसे शख्स को चाहता है, जो जरूरत पड़ने पर उसके साथ मौजूद हो, उन्हें मानसिक तौर पर शांति दे सके। ऐसे लोग चाहते हैं कि कोई उनका विश्वास जीत सकें और उन्हें यह एहसास दिलाएं कि वह भी उनकी परवाह करता है।

डिप्रेशन से पीड़ित व्यक्ति को इन चीजों से बचाएं

डिप्रेशन की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति को जितना हो सके अकेले न रहने दें।

अगर कोई आपसे अपने मानसिक तनाव के बारे में या परेशावनी आदि के बारे में बता रहा है, तो उसे सलाह नहीं दें।

मानसिक तनाव से परेशान व्यक्ति की किसी से तुलना, वर्गीकरण, विश्लेषण या आलोचना न करें। उनको आश्वासन देने से बचना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति आपके सामने जान देने, या सब कुछ खत्म करने के बारे में बोले, तो इसे नजरअंदाज करने की गलती न करें। ऐसा व्यक्ति चाहता है कि आप उसकी बातों को सुनकर उसपर दया या सहानुभूति न दिखाएं।

# टीवी मेरा पहला प्यार, लेकिन मैं ओटीटी को एक्सप्लोर करना चाहती हूंः रूही चतुर्वेदी

श्कुंडली भाग्यश्च की एक्ट्रेस रूही चतुर्वेदी टीवी का जाना–पहचाना चेहरा हैं, लेकिन उनका मानना है कि ओटीटी



प्लेटफॉर्म अभिनेताओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के विभिन्न अवसर प्रदान करते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनका पहला प्यार हमेशा टीवी रहेगा। एक्ट्रेस ने ओटीटी को एक्सप्लोर करने के बारे में बोलते हुए कहा, ओटीटी प्लेटफार्म ने अभिनेताओं के लिए नए रास्ते खोले हैं। इन प्लेटफार्मों पर कई कंटेंट उपलब्ध है और सभी के लिए कुछ न कुछ है। एक एक्टर के रूप में, मैं अलग–अलग जोनर में काम करने और नई भूमिकाओं के साथ प्रयोग करने को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, टीवी हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा, लेकिन मैं इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकती कि एक एक्टर के रूप में, अपनी प्रतिभा को व्यापक बनाना और खुद को कुछ भूमिकाओं तक सीमित नहीं रखना महत्वपूर्ण है। रूही चतुर्वेर्दी लोकप्रिय रियलिटी शो श्खतरों के खिलाड़ीश्च के अपकमिंग सीजन में नजर आएंगी, जो कंटेस्टेंट्स के फिजिकल और मेंटल स्ट्रेंथ का टेस्ट करती है। वह खतरनाक स्टंट करती नजर आएंगी।




# होमी के साथ विश्वास की भावना है जो हमेशा बनी रहती हैः डिंपल कपाडिया



अनुभवी एक्ट्रेस डिंपल कपाडिया ने निर्देशक होमी अदजानिया के साथ श्सास, बहू और फ्लेमिंगोश्च में काम करने का अपना अनुभव साझा किया।

डिंपल ने कहा, होमी के साथ एक विश्वास की भावना है जो हमेशा बनी रहती है और श्सास, बहू और फ्लेमिंगोश्च के साथ कहानी अपने आप में अनूठी और लीक से हटकर थी। मुझे पहले विश्वास नहीं हुआ, कि यह वह किरदार है जिसे उन्होंने मेरे लिए लिखा था।

वह एक महिला सावित्री की भूमिका निभा रही हैं, जो एक कंपनी चलाती है, जिसका इस्तेमाल वह ड्रग बिजनेस को छिपाने के लिए करती है। वह परिवार की सबसे महत्वपूर्ण महिला है, जिसमें उसकी दो बहुओं और एक बेटी सहित चार महिलाएं हैं। डिंपल ने कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह का किरदार नहीं निभाया हैरू एक कार्टेल का नेतृत्व करने वाली क्वीनपिन की भूमिका कुछ ऐसी थी जो मैंने पहले कभी नहीं की थी, और मैं इस जटिल भूमिका को पर्दे पर जीवंत करने की चुनौती से उत्साहित थी।

निर्देशक के बारे में बोलते हुए, श्बॉबीश्च एक्ट्रेस ने कहारू होमी उन सबसे सनकी निर्देशकों में से एक हैं, जिनके साथ मैंने काम किया है और वह इस सनकीपन को पात्रों और पटकथा में लाते हैं। उन्हें इस बात का स्पष्ट अंदाजा था कि वह किरदार से क्या चाहते हैं और वह कहानी को कैसे बताना चाहते है। मैं प्रोजेक्ट के प्रति उनके जुनून से प्रभावित हूं। कुल मिलाकर, यह किरदार, कहानी और होमी के साथ काम करने के अवसर का संयोजन था जिसने मुझे शो के लिए हां कहा। मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित, सीरीज का निर्देशन होमी अदजानिया द्वारा किया गया है और आशीष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल और मोनिका डोगरा के साथ

# गर्मियों में करें हिमाचल की हसीन वादियों की सैर, IRCTC लाया है ये शानदार पैकेज



गर्मियों का मौसम शुरू होते ही लोग मार्च से लेकर जून तक ठंडी वादियों का लुत्फ उठाने के लिए पहाड़ों की सैर पर निकल जाते हैं। पहाड़ों पर घूमने के लिए उत्तराखंड और हिमाचल से परफेक्ट जगह और कोई नहीं है। वहीं अगर बात हिमाचल की करें तो यहां पर कई ऐसी पहाड़ी जगहें हैं। जहां पर गर्मियों में अधिक भीड़ देखने को मिलती है।

ऐसे में अगर आप भी उत्तराखंड में वीकेंड गुजारने का प्लान कर रहे हैं। लेकिन अगर आप तय बजट में कई सारी जगहें घूमना चाहते हैं तो प्त्ब्ज्ञ के इस शानदार पैकेज पर नजर डाल लें। प्त्ब्ज्ञ के इस पैकेज में आपको चंडीगढ़, शिमला और मनाली में 6 रात और 7 दिन घूम सकते हैं। आइए जानते हैं इस पैकेज के बारे में...

पैकेजः **IRCTC** ने अपने ऑफिशियल वेबसाइट के ट्विटर हैंडर पर इस पैकेज के बारे में पूरी जानकारी दी थी। इस पैकेज की शुरूआत महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से होगी। बता दें कि इस 6 रात 7 दिन के पैकैज में प्रति व्यक्ति का किराया 44 हजार रुपए होगा। इस पैकेज में फ्लाइट टिकट, कैब सर्विस, होटल, खाना, ट्रैवल इंश्योरेंस जैसी जरूरी चीजें शामिल होंगी। इस पैकेज की शुरुआत 22 अप्रैल, 6 मई और 20 मई से होगी। अपनी सुविधा के अनुसार, आप इनमें से किसी भी डेट का चयन कर सकते हैं।

टूर पैकेज की जानकारीः तारीख – 22 अप्रैल, 6 मई और 20 मई, 2023 पैकेज का नाम– **Best of Himachal (WMA24)**

टूर की अवधि– 7 दिन 6 रात

डेस्टिनेशन कहां घुमाई जाएंगी – **Best of Himachal (WMA24)**

मील प्लान – ब्रेकफास्ट और डिनर

ट्रैवल मोड – फ्लाइट

क्लास – कंफर्ट

पैकेज का किराया

टूर पैकेज के लिए अलग–अलग टैरिफ होंगे। यह पैसेंजर द्वारा सेलेक्ट कैटेगरी के मुताबिक होगा। अगर आप अप्रैल के महीने में इस पैकेज की बुकिंग करा रहे हैं और आप इस टूर पर अकेले जा रहे हैं। तो इसकी कीमत 66,600 रुपए पड़ेगी। वहीं अगर आप 2 लोग इस टूर पर जाते हैं। तो 46,000 रुपए प्रति व्यक्ति खर्च आएगा। वहीं तीन लोगों के लिए 40,000 प्रति व्यक्ति का खर्च आएगा। बता दें कि बच्चों का किराया अलग से देना होगा। इस पैकेज की बुकिंग के लिए प्त्ब्ज्ञ की ऑफिशियल वेबसाइट पर जा सकते हैं।

पैकेज में मिलेंगी ये सुविधाएं

फ्लाइट टिकट (मुंबई से चंडीगढ़ से मुंबई)

स्टे– 2 रातें शिमला, 3 रातें मनाली और 1 रात चंडीगढ़

6 नाश्ता और 6 रात का खाना। यात्रा बीमा

जीएसटी

यात्रा कार्यक्रम के मुताबिक दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए नॉन एसी वाहन

# इन देशों में कार–बाइक की जगह नावों में घूमते हैं लोग, पानी पर बसे हैं ये शहर



हनीमून पर जाना हो, या हॉलिडे मनाना हो, हर कोई चाहता है कि उनकी डेस्टिनेशन सुंदर और अनोखी होनी चाहिए। अगर आप भी किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो दुनिया भर में कई खूबसूरत शहर और कस्बे मौजूग हैं। इन जगहों पर एक–जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए नाव करनी पड़ती है। यन जगहों पर आपको सड़क नहीं मिलेगी। अगर आप भी इन जगहों पर जाते हैं तो वहां पर आप नाव के जरिए इधर–उधर जा सकते हैं। आइए जानते हैं उन जगहों के बारे में...

सुझाऊः सुझाऊ चीन का एक गांव है। इस गांव का अपना इतिहास रहा है। बता दें कि यहां के लोगों को नाव से चलना काफी पसंद है। इसलिए आपको यहां पर पेड़ों के आपसाप नहरों में ढेरों चलती हुई नाव देखने को मिलेंगी।

एनेसीः फ्रांस का एनेसी पानी पर बसा हुआ है। आपको यहां पर कुछ ही मीटर पर कई ब्रिज देखने को मिलेंगे। यहां पर नहर के किनारे काफी संख्या में रेस्तरां बने हैं। इन रेस्तरां में आप सुबह की चुस्कियां लेने के लिए पहुंच सकते हैं। बता दें कि यह जगह लार्ड एनेसी के नाम बनी हुई है।

वेनिसः वेनिस शहर की गिनती इटली के सबसे खूबसूरत शहरों में आता है। यह पूरा शहर पानी में बसा हुआ है। इस शहर को छोटे–छोटे आइसलैंड के साथ मिलकर बनाया है। अगर आप भी इटली घूमने जाएं तो एक बार गंडोला राइड का लुत्फ जरूर लें। यहां पर आपको एक भी सड़क नहीं दिखेगी।

गेनवीः अफ्रीका का छोटा गांव गेनवी अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। गेनवी की आजादी करीब 20 हजार के आसपास है। यह गांव नोकुई झील के बीच पर बसा है। यहां पर लोग नाव पर बैठकर बिजनेस करते हैं। घूमने के लिहाज से यह बेहतरीन जगह है।

स्ध्टॉकहोमः स्वीडन की राजधानी स्कॉटहोम भी एक खूबसूरत शहर है। यह 14 आइसलैंड पर बना है। बता दें कि स्कॉटलैंड में 50 से ज्यादा ब्रिज मौजूद हैं। झील के किनारे बना यह शहर अपनी नीली इमारतों के लिए भी जाना जाता है।